www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 यूपी रोडवेज व ट्रेलर की टक्कर, चार महिलाओं की मौके मौत...

पेज @4 स्वर्गीय डा. कमला बेनीवाल की तीये की बैठक एवं श्रद्धांजलि सभा...

पेज @8 विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधानसभा की 15 ...

### पीएम नरेन्द्र मोदी की गर्जना से विपक्षी खेमे में मची हलचल, जनसभा में जुटे लाखों कार्यकर्ता

# अगर इंडी सरकार आयी तो रामलला को फिर से टेंट में भेजेंगे : मोदी

**बाराबंकी/एजेंसी।**

सब भईया बहिन का राम राम। आप सबय हमरे लिए हियां पे सुबह से आए हो। हम आप सबै के कर्जा मा डूब गयन। आप के इस कर्ज को मैं और ज्यादा मेहनत करके चुकाऊंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अवधी भाषा में कहे शब्दों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह था। पूरा कार्यक्रम स्थल नरेंद्र मोदी स्वागत है और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज रहा था। नजारा बिल्कुल अलग था। नरेंद्र मोदी की तस्वीर लेकर लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहे थे। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले में बाराबंकी संसदीय सीट की उम्मीदवार राजरानी रावत और मोहनलालगंज के उम्मीदवार कौशल किशोर के समर्थन में आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा यहां सपा के बड़े नेता ने रामनवमी के दिन कहा कि राम मंदिर तो बेकार है। वहीं, कांग्रेस तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की तैयारी कर रही है। इनके लिए सिर्फ अपना परिवार और पावर



ही मायने रखते हैं। सपा-कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए, तो रामलला को फिर से टेंट में भेजेंगे और मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दे दिया है। कांग्रेस संविधान बदलकर ये नियम देश भर में लागू करना चाहती है लेकिन पिछड़ों से विश्वासघात करने वाली सपा इस पर चुप बैठी है, पीएम ने कहा कि ये लोग मोदी के खिलाफ 'वोट जिहाद' की अपील कर रहे हैं। मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, ये इंडी वाले ताश के पत्तो की तरह बिखरने शुरू हो गए हैं। पीएम मोदी ने अखिलेश और ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि यहां जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में है। अब उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरी को कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला। पीएम पद को लेकर भी ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लिए अपने वोटबैंक से बड़ा कुछ नहीं है। लेकिन, जब मैं इनकी पोल खोलता हूं, तो ये बैचेन हो जाते हैं, इनकी नींद हराम हो जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सांसद आपके लिए दिल्ली और लखनऊ से ज्यादा से ज्यादा योजनाएं लेकर आएंगे। भाजपा सांसद विकास के लिए ज्यादा काम करेंगे। अगर इंडी का सांसद बनता है तो उसकी पार्टी का यही मापदंड होगा कि तुमने मोदी को एक दिन में कितनी गालियां दी। उसे यही काम होगा कि सुबह उठो मोदी को गाली दो, दोपहर में मोदी गाली दो और शाम को मोदी को गाली दो और सो जाओ। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि आपकी कमाई का एक्स-रे करेंगे। यानी आपके लॉकर में क्या है आपकी जमीन कितनी है गहने कितने हैं सोना कितना है चांदी कितना है आपके मंगलसूत्र कहां है यह सब लूट ले जाना चाहते हैं। यह आपसे लेक- र जिसके पास नहीं है उसको दे दिया जाएगा।

## न्यूज़ अपडेट

### श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकराई, दो जुड़वां बच्चों समेत तीन की मौत

**जमुई /एजेंसी।** बिहार के जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक स्विफ्ट कार के सड×क के किनारे एक पेड़ में टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरा के चरपोखरी के रहने वाले आनंद कुमार अपने परिवार के साथ कार से अपने बच्चों का मुंडन कराने देवघर जा रहे थे। रास्ते में चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर बसबुटिया गांव के पास कार अनियंत्रित होकर सड×क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई।

बताया जाता है कि इस घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार-पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में दो जुड़वा बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र पांच साल बताई जा रही है।

### संदेशखाली में ही अपना कैंप ऑफिस खोलेगी सीबीआई

**कोलकाता/एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भूमि कब्जा, जबरन वसूली और महिलाओं के यौन उत्पीडन् मामले की जांच के लिए पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक कैंप ऑफिस खोलेगी। सूत्रों ने कहा कि कैंप ऑफिस की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की दो प्लाटून संदेशखाली में तैनात की जाएगी।

कैंप ऑफिस खोलने से जांच की गति में तेजी आएगी। सीबीआई अधिकारियों को रोजाना कोलकाता से संदेशखाली आना-जाना नहीं पड़ेगा। इससे स्थानीय लोग शिकायत दर्ज करा सकते हैं, खास कर वो लोग जो ईमेल से शिकायत दर्ज नहीं करा पाते। स्थानीय लोग कोलकाता जाने के बजाय कैंप ऑफिस में ही अपनी शिकायतें ले कर आ सकते हैं।

# उमड़ी भीड़, बरसे फुल
# भव्य रहा अमित शाह का रोड शो





**रांची/वरीय संवाददाता।**

भगवान बिरसा मुंडा की धरती और झारखंड की राजधानी रांची के चुटिया में शुक्रवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोड शो किया। रोड शो इंदिरा गांधी चौक से शुरू होकर शिशु मंदिर तक गया। गृह मंत्री रथ पर सवार थे। उनके साथ रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व डिप्टी मेयर और संयोजक संजीव विजयवर्गीय, रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, कार्यक्रम प्रभारी वरुण साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर भी मौजूद थे। रथ के आगे- आगे पारंपरिक वेशभूषा में 500 महिलाएं गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत में चल रही थी। गाजे-बाजे के साथ 200 लोग भी मौजूद थे। उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम जिला प्रशासन की ओर से किए गये थे।

इसके अतिरिक्त पार्टी के 200 कार्यकर्ता अपने स्तर से उनकी सुरक्षा में लगे थे। 1.3 किलोमीटर के रोड शो में सड़क के दोनों किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई गृह मंत्री अमित शाह की एक झलक पाने को बेताब था। रोड शो के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उत्साह के साथ लोगों ने पूरे रास्ते गृह मंत्री पर फूलों की बारिश की। उनका दिल खोलकर स्वागत किया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी हाथ हिलाकर और फूलों से उनका अभिनंदन किया। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों किनारे खड़े लोग 'अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार' के नारे लग रहे थे। लोग

जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे भी लग रहे थे। चुटिया मुख्य सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग की गयी थी। लोगों की भारी भीड़ उन्हें देखने के लिए जुटी थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के अधिकारी और जवान तैनात थे।

अमित शाह संजय सेठ को समर्थन के लिए अपील कर रहे थे। गाड़ी के आगे लोक कलाकारों के स्तर से भी जगह-जगह प्रदर्शन किया जा रहा था। शाह के स्वागत के लिए अलग- अलग मंच बनाए गए थे। रोड शो के दौरान उनपर फूलों की बारिश की गई। लोग छतों पर शाह की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। ढोल- नगाड़े के साथ महिलाओं की टोली पहुंची हुई थी। सड़क के दोनों ओर भीड़ रही। शाह ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया।

### तूफान के बाद आसमान से मौत बनकर गिरी बिजली, 12 लोगों की मौत



**कोलकाता/एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गुरुवार को अपराह्न में तेज रफ्तार हवाओं के साथ बिजली गिरने और तूफान की चपेट में आने से कम से कम बारह लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तूफान ने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में भी जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। सूत्रों ने कहा कि आपदा में नुकसान का आकलन अभी नहीं किया गया है, क्योंकि बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

सूत्रों ने बताया कि घायलों को मालदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को भी परीक्षण के लिए इस अस्पताल में भेज दिया गया। मृतकों की पहचान पुराने मालदा के चंदन साहनी (41), राज मृधा (17) और मनोजीत मंडल के रूप में की गई। गोजोल में बिजली गिरने से किशोर असित साहा की मौत हो गई।लगभग सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की यथासंभव मदद कर रहा है और पुनर्वास के लिए दो-दो लाख रुपये की राहत की घोषणा की है। जिले में कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'मालदा में बिजली गिरने के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। मैं इस कठिन समय के दौरान उनके प्रति अपनी गह- री संवेदना व्यक्त करती हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरी दुआएं घायलों के साथ हैं। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उन्होंने कहा, हमारा जिला प्रशासन प्रभावितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। हम जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपनी क्षमता से सब कुछ करेंगे।

### रायबरेली में गरजे अखिलेश यादव और राहुल गांधी

# मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं: सोनिया गांधी

**रायबरेली/एजेंसी।**

रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में आईटीआई मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।जिसमें सपा मुखिया अखिलेश यादव,राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी ने लोगों को संबोधित किया।

सांसद सोनिया गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं।आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है।20 साल से एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा का मौका दिया है।ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवन भर भरा रहा।आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पडने् दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं, जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी हर जगह से अपना एक झूठा रिश्ता निकाल लेते



हैं।मोदी जी भी देख लें राहुल गांधी का रायबरेली से सच्चा रिश्ता है। रायबरेली में एक और एक ग्यारह हो गया है और बीजेपी 'नौ दो ग्यारह' हो गई है।बीजेपी के लोग बड़े घबराए हुए हैं।बीजेपी वालों ने जब से सुना है कि इंडिया गठबंधन गरीबों के लिए काम करने जा रहा है।तब से वह राहुल गांधी के 'खटाखट-खटाखट' की नकल करने लगे हैं। अखिलेश ने कहा कि राहुल गांधी देश की सबसे बड़ी जीत जीतने वाले हैं, रायबरेली की राय यही है कि भाजपा यहां से जाय।उन्होंने कहा कि एक देश के झूठे नेता हैं, जहां जाते हैं वो रिश्ता निकाल लेते हैं, उनको समझना चाहिए रायबरेली से राहुल का सच्चा रिश्ता है और रा से रायबरेली और रा से राहुल होता है।

राहुल गांधी ने इस रैली को संबोधित करते हुए कहा इंडिया की सरकार बनते ही, 4 जुलाई को लाखों परिवारों के बैंक अकाउंट में 8,500 रुपये पहुंच जाएंगे।नरेंद्र मोदी ने 22 अरबपति बनाए हैं, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि मैं आशा और आंगनवाड़ी महिलाओं से कहना चाहता हूं जितना भी आपको आज पैसा मिलता है, उससे दोगुना आपको इंडिया गठबंधन की सरकार देने जा रही है।राहुल गांधी ने महिलाओं और युवाओं के लिए किए गए अपने वादों को दोहराया। उन्होंने मनरेगा मज़दूरी 250 से बढ़ाकर 400 रुपये करने, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तनख्वाह दोगुनी करने का भी वादा किया।

### मुंबई होर्डिंग हादसे का मुख्य आरोपी उदयपुर से गिरफ्तार, 16 लोगों की हुई थी मौत

**उदयपुर/एजेंसी।** मुंबई में 13 मई को हुए होर्डिंग हादसे के मामले के मुख्य आरोपी भावेश भिंडे को मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम ने उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया। वह यहां एक रिसोर्ट में छिपा हुआ था। क्राइम ब्रांच की टीम उसे अपने साथ मुंबई लेकर रवाना हो गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के बाद से मुख्य आरोपी भावेश भिंडे फरार चल रहा था। जिस पर मुंबई पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लगातार भिंडे के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपी भावेश भिंडे विज्ञापन एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है, जिसकी तरफ से यह होर्डिंग्स लगाए गए थे। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी भिंडे को पकड़कर मुंबई लेकर रवाना हो गई है जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस संबंध में उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागडोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दोराय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर हैं। बहुत बड़े वर्ग की रोजी-रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हालांकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दोचार होना पड़ता है। हालांकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय-समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता रहा है। खैर, बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही है कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करें तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही हैं। भले ही व्हाइट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं तो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक हैं। दरअसल देखा जाए तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल एस्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती-किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ-साफ यह हुआ कि खेती-किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दोराय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती-किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली कूचे में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली-मोहल्ले में घूमने वाले वेंडरर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल हैं।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रूप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हालांकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना और इसी तरह की अन्य योजनाओं से जोड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के प्रयास किए गए हैं। अब देश-दुनिया में श्रमिक आंदोलन का समय तो करीब-करीब समाप्त ही हो चुका है। ऐसे में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी व सामाजिक संगठनों को आगे आते हुए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बनना होगा। अब तो चूंकि असंगठित क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला श्रमिक अधिक हैं तो फिर और भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। इसके साथ ही महिलाओं की समस्याओं को भी समझना होगा। सरकार को भी इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए फोकस करना ही होगा।

# एड्स पर नियंत्रण, चिकित्सा तंत्र की बड़ी चुनौती?



डॉ. रमेश ठाकुर

एड्स से निजात के लिए हमें सिर्फ सतर्कता और जागरुकता पर ही निर्भर नहीं होगा, इसके आगे भी सोचना पड़ेगा। आगे सोचने का मतलब, एड्स की वैक्सीन, दवा या टीके के अविष्कार की ओर कदम बढ़ना? क्योंकि दिनों दिन ये लाइलाज बीमारी भयाभय रूप लेता जा रही है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। ये सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं? जिसका मात्र नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप जाती हैं। लोग भगवान से दुआ करते हैं, उन्हें कोई भी हारी-बीमारी क्यों न हो जाए, पर एड्स न हो?

एड्स समाज की सबसे बड़ी कलंकित बीमारी है। कलंकित इसलिए क्योंकि इस बीमारी के चलते समाज में असमानता फैल रही है जो सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं? यही कारण है, एचआईवी लक्षण पता होने पर पॉजिटिव व्यक्ति से समाज एक तरह से नकार ही देता है। एड्स हो जाने के बाद समाज के अलावा सगे-संबंधी भी दूरी बना लेते हैं। तब दुखी होकर पीड़ित एकांतवास जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। जबकि, देखा जाए तो एड्स की बीमारी मौत का तत्काल कारण नहीं बनती। एड्स रोगी लंबा जीवन जीते हैं। इसे स्वास्थ्य तंत्र की नाकामी कहें, या हुकूमतों की लापरवाही? दशकों बीत जाने के बाद भी एड्स वायरस पर विजय प्राप्त नहीं हो सकी और न ही आजतक कोई मुकम्मल दवा या वैक्सीन बन सकी। एड्स से बचाव के लिए हम आज भी मात्र सतर्कता और जागरूकता पर ही निर्भर हैं, जो नाकाफी हैं। दरकार,अब वैक्सीन और दवा की है।

पहले के रिसर्च में यह तो तय हो चुका है कि एचआईवी एड्स की बीमारी जानलेवा है। चपेट में आने वाले मरीज की मौत होना निश्चित है। क्योंकि, एचआईवी के वायरस अपनी स्थित को बहुत तेजी के साथ बदलते हैं। एचआईवी का वायरस मरीज के प्रतिरक्षा सिस्टम पर सीधा प्रहार करता है। वायरस अपनी मौजूदगी को नित बदलता रहता है। हिंदुस्तान के अलावा पूरे संसार की बात करें, तो एड्स पीड़ितों की



संख्या इस समय लाखों-हजारों में नहीं, बल्कि करोड़ों-अरबों में हैं। पिंड छुड़ाने के लिए देश-विदेश की हुकूमत लाखों नाकाम कोशिशें करती हैं। हालांकि रिसर्च-औषधियों के शोध लगातार जारी हैं। पर, सफलता हाथ नहीं लग रही। कई मुल्क इस वैक्सीन पर शोध कर रहे हैं। हां, इतना जरूर है, 'इंटरनेशनल एड्स वैक्सीन इनिशिएटिव और द स्क्रिप्स रिसर्च इंस्टीच्यूट' ने इतनी सफलता जरूर हासिल कर ली है कि एचआईवी संक्रमितों की मरने-जीने की स्टेज बता सकती है।

वैसे, चिकित्सा विज्ञान के अनुसार एड्स भी मात्र एक वायरस ही है। लोगों में भ्रम है कि एड्स छूने से, साथ खाने से या हाथ मिलाने से फैलता है। जबकि, यह कोरा मिथक है। एड्स इनमें से किसी भी कारण से नहीं फैलता। साथ ही यह एक ही टॉयलेट प्रयोग करने से, छींकने या खांसने या फिर गले मिलने से भी नहीं फैलता। एड्स के फैलने के दूसरे कारण होते हैं। जैसे, संक्रमित खून चढ़ाना, एचआईवी पॉजिटिव महिला या पुरुष के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना, साथ ही एक से अधिक पार्टनरों के साथ सेक्स करना आदि मुख्य कारण हैं। इस बीमारी का जबसे पता चला है, तभी से संक्रमितों की संख्या में कमी के बजाय बढ़ोतरी हुई है। आज पूरे संसार में 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' मनाया जा रहा है। जो एचआईवी वैक्सीन जागरुकता के लिए निर्धारित है जिसकी बहुत जरूरत है। बहरहाल, बढ़ते संक्रमित मामलों को देखते हुए दरकार इसी बात की है कि एचआईवी वैक्सीन की तत्काल आवश्यकता को पूरा किया जाए। कुछ वर्ष पूर्व अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एचआईवी से निपटने के लिए वैक्सीन बनाने का दावा किया था जिसमें जानवरों का प्रयोग किया था। तब बताया गया था कि एचआईवी वायरस की प्रतिरक्षा के लिए जानवरों के रक्त एंटीबॉडी प्रोड्यूस करते हैं जिनके जरिए एचआईवी को रोका जा सकता है। हालांकि उनके इस दावे पर डब्ल्यूएचओ ने सवाल खड़े किए। मामला ज्यादा तूल पकड़ा तो फिर बात आगे नहीं बढ़ी।

केंद्र सरकार ने सन-2030 तक एड्स के मामलों पर नियंत्रण पाने के लिए लक्ष्य बनाया है। वहीं, एड्स कंट्रोल सोसायटी के अनुसार कोरोना वायरस की भांति जरूरी चिकित्सीय व्यवस्था का प्रबंध बनाया है। अगर ऐसा होता है तो काबिलेतारीफ होगा, बड़ी सफलताओं में गिना जाएगा। लेकिन, ऐसे में सवाल उठता है, क्या अगले 6 साल में सरकार ये लक्ष्य पूरा कर पाएगी? हिंदुस्तान में प्रति वर्ष अस्सी से नब्बे हजार केस सामने आते हैं। पिछले साल 2021 में 87,500 एचआईवी के मामले दर्ज हुए। वहीं, बीते तीन साल में 69,000 लोगों की जान गई। महाराष्ट्र और दिल्ली से प्रति वर्ष 3 से 4 हजार के बीच नए केस आते हैं। इन दो राज्यों में संक्रमितों की संख्या दूसरे राज्यों से कहीं ज्यादा है। रेड लाइट एरिया से इनमें बड़ी भूमिका निभाती हैं।

केंद्रीय एड्स कंट्रोल सोसायटी के अनुसार एचआईवी के मरीज ज्यादातर 15 से 49 साल की उम्र के बीच ज्यादा होते हैं। 2020 में दिल्ली के कुल 32,130 एचआईवी के मरीजों को ऐंटी रेट्रोवायरल थेरेपी पर रखा गया था। वहीं, कोरोनाकाल में एड्स मरीजों की संख्या में और इजाफा हुआ था। पूरी दुनिया में एड्स से मरने वालों का आंकड़ा अब और भयभीत करने लगा है। वायरस या बीमारी कोई भी हो उसे चिकित्सा तंत्र को गंभीरता से लेना चाहिए, हल्के में नहीं? क्योंकि चिकित्सीय सिस्टम की जरा सी चूक या लापरवाही किसी के मौत का कारण बन सकती है। एड्स जैसी बीमारी की कोई दवा नहीं है। दवा है तो सिर्फ जागरुकता और स्वयं का बचाव? जिसमें हमें किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। फिर भी एड्स का निवारण सिर्फ सतर्कता और जागरुकता नहीं होना चाहिए। इसपर कामयाबी पाने के लिए वैक्सीन या टीके का निर्माण होना ही चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# प्रधानमंत्री का रोड शो और सामाजिक समरसता



मृत्युंजय दीक्षित

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता, सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सामाजिक समरसता का अनूठा दर्शन हो रहा है। वह वाराणसी से तीसरी बार उम्मीदवार हैं। परचा भरने से एक दिन पहले वाराणसी में भी प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक के रोड शो में जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी के प्रति देखने को मिलीं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है । प्रधानमंत्री के रोड शो की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समरसता है। इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाजसेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं। रोड शो के दौरान वह भीड़ में भी बच्चों को भी दुलार कर संदेश दे रहे हैं कि यह कल के निर्माता हैं। जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नीतीश कुमार के हाथ में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगने आरम्भ हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार का राजनीति किधर जाती है, नीतीश कुमार यह इशारा काफी है।

वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना ही था। यहां मां गंगा के बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए और उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था । अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। स्वागत में झांकियां सजायीं गईं। पुष्प वर्षा की गई। भगवा और तिरंगे लहराये। हर-हर महादेव और जय श्रीराम से आसमान गुंजायमान कर दिया गया।



ऐसा प्रतीत हुआ कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा -गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर यह लहर नहीं, सुनामी का आगाज है।

प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही। उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों के सभी बड़े नेताओं का संगम दिखा। इनमें उल्लेखनीय रही बिहार की चर्चित चाचा-भतीजे की जोड़ी अर्थात चिराग पासवान व पशुपति पारस की उपस्थिति। वाराणसी में दोनों की उपस्थिति व आपसी केमेस्ट्री को देखकर बिहार की सियासत में विरोधी दलों के नेताओं को तनाव हो गया है। चाचा भतीजे की इस जोड़ी को लेकर मोदी विरोधी मीडिया में जो कयास लगाये जा रहे थे वे ध्वस्त हो गए। वाराणसी में राजग नेताओं ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती से अपने नेता के साथ खड़ा है और उन्हें ही 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्यूज है। उसके पास न तो नेता है और न ही विचार। न ही विकास का कोई रोडमैप।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चार प्रस्तावकों के माध्यम से भी सबका साथ का परिचय दिया। राम मंदिर का शुभ मुहूर्त में उद्घाटन करने वाले ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री, ओबीसी समाज के बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा तथा दलित समाज के संजय सोनकर उनके प्रस्तावक हैं। वाराणसी में परचा दाखिल करने से पहले नरेन्द्र मोदी ने भावुक कर देने वाला वीडियो भी जारी किया और मां गंगा के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे परमात्मा ने भेजा है। परमात्मा ने मेरे से काम लेना तय किया है। ये सब कुछ ऊपर वाले की कृपा है। हम 400 पार के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। देश ने ही हमें 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कहा है।

अब वाराणसी पूरे देश की राजनीति का मुख्य केंद्र बिंदु बन चुकी है। यहां से प्रधानमंत्री ने काशी व उत्तर प्रदेश का ही नहीं अपितु पूरे भारत का समीकरण साधा है। देश के सभी महापुरुषों के कट आउट रोड शो में रहे। प्रधानमंत्री ने अपने रोड शो के माध्यम से जहां देश के सामाजिक समीकरण के अंतर्गत जैन संन्यासी व शैव दक्षिण को समेटा वहीं दूसरी ओर वाराणसी के कोर वोटर 3 लाख ब्राह्मण मतदाता, 2.5 लाख से अधिक गैर यादव ओबीसी, 2 लाख कुर्मी, 2 लाख वैश्य, 1.5 लाख से अधिक भूमिहार और 1.5 लाख यादव सहित अनुसूचित जाति के मतदाताओं को भी साध लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी किसी भी अवसर को हाथ से नहीं जाने देते हैं और इस बार तो उनका नया रूप ही दिखाई पड़ रहा है। अभी तक यह कहा जाता था कि प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के सामने नहीं आते।अबकी बार वह लगातार मीडिया को साक्षात्कार दे रहे हैं, वह चाहे छोटा हो या फिर बहुत बड़ा। प्रधानमंत्री मोदी अपने साक्षात्कारों के माध्यम से मनौवैज्ञानिक रूप से विरोधी दलों का मनोबल तीव्रता के साथ ध्वस्त कर रहे हैं। विरोधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में भी मोदी आगे निकल चुके हैं और विपक्ष के सारे नैरेटिव विफल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी हर साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से बार -बार कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार का नारा एक नारा भर नहीं है अपितु यह एक हकीकत बन चुका है, जिसे भारत की जनता ने करने का मन भी बना लिया है। हताश विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे पर लगातार तंज कसने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा कह रही हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में कभी किसी के घर गए हैं । बिहार के नेता प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो व साक्षात्कार आदि को एक इवेंट मात्र बता रहे हैं। सच तो ये है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़े जनसमुद्र ने विरोधी दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पिकनिक स्पॉट नहीं है पवित्र चार धाम यात्रा!



मनोज कुमार अग्रवाल

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए हैं जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से शुरू हो गए हैं। इसी के साथ पर्यटकों की भारी भीड़ सैलाब बन कर टूट पड़ी है इन सैलानियों ने तमाम इंतजामात को ध्वस्त कर दिया यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं श्रद्धा आस्था के ऊपर पर्यटन वाली मानसिकता हावी होती देखी जा सकती है। जिसके चलते पहाड़ के नाजुक पर्यावरण के साथ भी मनमानी खिलवाड़ की जा रही है। अब तक चार धाम यात्रा के लिए गए 11 लोगों की मौत भी हो गई है। आस्था और पर्यटन का यह संगम पहाड़ की सेहत के लिए भी खतरा खड़ा कर सकता है। चार धाम यात्रा के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया गया है। यहां आपको बता दें कि पिछले साल यात्रा खत्म होने के बाद सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ में 96, यमुनोत्री धाम में 34, गंगोत्री धाम में 29, बद्रीनाथ धाम में 33 और हेमकुंड साहिब में 7 और गौमुख ट्रेक में 1 यानी कुल दो सौ लोगों की मौत हुई थी। वहीं 2022 में चारधाम यात्रा के दौरान 232 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। यह आंकड़े काफी डराने वाले हैं। अगर आप अभी उत्तराखंड में चारधाम यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं तो फिलहाल इसे कुछ दिन टाल दें, क्योंकि अधिक भीड़ हो जाने से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि बिना रजिस्ट्रेशन के यात्री पहुंच रहे हैं बुधवार से प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। व्यवस्था सुधारने के लिए सचिव स्तर के अधिकारी पहुंचे हैं। अब तक 2 लाख 76 हजार 416 श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। उत्तरकाशी-गंगोत्री मार्ग पर पर सोमवार को गंगनानी के पास 45 किलोमीटर लंबा जाम लगा था जिसे बार-बार खुलवाया गया है। हालांकि यात्रा सुचारु रुप से चलने का दावा किया गया है। गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे के हवाले से बताया गया है कि चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 4 को डायबिटीज के साथ-साथ ब्लड प्रेशर की भी शिकायत थी। पांडेय ने कहा कि कोशिश है सुगम व सुरक्षित यात्रा के साथ हर श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिले। यात्रा के लिए 26 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। पांडेय ने बताया कि चारधामों में 14 मई तक ऑनलाइन कुल 26 लाख 73 हजार 519 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। गंगोत्री में 4 लाख 21 हजार 366, यमुनोत्री के लिए 4 लाख 78 हजार 576, श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए 9 लाख सात हजार 60 और केदारनाथ धाम के लिए कुल 8 लाख 13 हजार 558 जबकि श्रीहेमकुंड साहिब के लिए 59,312 पंजीकरण हुए हैं। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक कुल 1,42,641 पंजीकरण ऑफलाइन हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यमुनोत्री में आज तक 59,158, गंगोत्री में 51,378, केदारनाथ में 1,26,306 व बद्रीनाथ धाम में 39,574 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। पहले दिन अधिक श्रद्धालु पहुंच गए यमुनोत्री धाम में पांच किमी का रास्ता बेहद संकरा है। यहां पर एक समय में सीमित संख्या में ही लोग



आ-जा कर सकते हैं। पिछले साल जब कपाट खुले थे तो उस दिन कुल 6,838 श्रद्धालु आए थे जबकि इस बार कपाट खुलने वाले दिन 12,193 यात्री आ गए। केदारनाथ धाम में पिछले साल कपाट खुलने वाले दिन 18,335 यात्री आए लेकिन इस साल करीब 29 हजार श्रद्धालु पहुंच गए। यमुनोत्री धाम के जानकी चट्टी में कुल 15,455 श्रद्धालु थे जिनमें से आज सुबह 10 बजे तक कुल 4 हजार यात्री दर्शन भी कर चुके थे। गंगोत्री में 3902, केदारनाथ में सुबह 10 बजे तक 8194 एवं बद्रीनाथ में 4518 ने श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।सुरक्षा के मद्देनजर कुछ यात्रियों को यमुनोत्री व गंगोत्री मार्ग पर भी ठहराया जा रहा है। सूखी टॉप से लौटते समय व गंगनानी से आगे गेट सिस्टम लागू किया गया है। अगर कोई टूर ऑपरेटर बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को ले जाते हुए मिलता है तो यात्रियों को होल्ड कर वाहनों के परमिट सस्पेंड किए जाएंगे। प्रशासन ने लोगों से रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही यात्रा करने को कहा है साथ ही कहा कि जिस तारीख का पंजीकरण हो उसी दिन पहुंचें। श्रद्धालुओं की हेल्थ स्क्रीनिंग के इंतजाम किए गए हैं श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच संबंधी स्क्रीनिंग के पर्याप्त इंतजाम हैं। श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य हिस्ट्री पूछी जा रही है। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य के बारे में पूरी व सही जानकारी देना चाहिए। चारों ही धाम ऊंचाई पर हैं जहां एकाएक गर्म स्थानों से आए लोगों को यहां के क्लाइमेट में ढलने में दिक्कत होती है। श्रद्धालुओं के लिए कुल 14 भाषाओं में स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की गई है।केदारनाथ धाम के लिए 18 हजार प्रतिदिन व यमुनोत्री में 8 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन के लिहाज से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं।

10 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 1 लाख 26 हजार 306 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया है।लोगों के लिए न रुकने का ठिकाना, न खाने-पीने की व्यवस्था पिछले चार दिनों के दौरान गंगोत्री जाते वक्त उत्तरकाशी से 20 किमी आगे बढ़ते ही सड़क किनारे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग आराम करते दिख रहे हैं। यहां न खाने का ठिकाना है और न रुकने का। आसपास के गांवों के लोग पानी की बोतल के 30 से 50 रु. तो शौचालय उपयोग का 100 रु. तक ले रहे हैं। गंगोत्री रूट पर छह दिन से जाम में फंसे महाराष्ट्र, मप्र, गुजरात, राजस्थान, ओडिशा और दिल्ली के 7 हजार यात्रियों ने आगे की यात्रा स्थगित कर लौटना ही मुनासिब समझा। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 1200 साल से हो रही है, लेकिन पहली बार इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। पिछले साल यमुनोत्री, गंगोत्री के कपाट 22 अप्रैल तो केदारनाथ के 25 अप्रैल और बद्रीनाथ के 27 अप्रैल को खुले थे। तब यात्रा के शुरुआती पांच दिनों में 52 हजार लोग ही पहुंचे थे। इस बार चार दिन में 1.30 लाख से ज्यादा लोग पहुंच चुके हैं। 2023 में इतने लोग 16 दिन में पहुंच पाए थे।गुजरात सरकार ने श्रद्धालुओं की मदद करने के लिए गांधीनगर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर बनाया है। अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्रियों के जमघट चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भोगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है बेशक पर्यटन से राजस्व कमाने और रोजगार व अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए चारधाम यात्रा को आकर्षण बनाने की मुहिम की गई जिस का परिणाम यात्रा के लिए आरहे लोगों की बढी तादाद है लेकिन तत्कालिक लाभ के लिए पहाड़ की सेहत से खिलवाड़ उचित नहीं है। पूर्व में उत्तराखंड का केदारनाथ जिस प्राकृतिक त्रासदी से दो चार हो चुका है जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी उस को भी याद रखना चाहिए लेकिन इन दिनों लोगों में कभी बेहद दुर्गम व पवित्र तीर्थ धाम माने जाने वाले इन पावन स्थलों को पर्यटन की तर्ज पर घूमने की होड़ लगी हुई है दरअसल सम्पन्न मध्यमवर्गीय लोगों में आस्था और पर्यटन एक पंथ दो काज करने की मानसिकता बनी है लोग इन समुद्र तल से आठ हजार फुट व अधिक ऊचाईयों वाले कम आक्सीजन वाले धार्मिक स्थलों पर बुजुर्गो और छोटे बच्चों को भी साथ लेकर आ रहे हैं। यात्रा शुरु होने के पहले सप्ताह में ही दर्जनों श्रद्धालुओं की मौत बता रही है कि लापरवाही चरम पर है व्यवस्थाएँ कमजोर है और सिस्टम नाकारा है। इस सब के बावजूद लोगों में पहाड़ पर पर्यटन की तर्ज पर चारधाम जाने की होड़ लगी है। यह उचित नहीं है। धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर दर्शन करने से ही पुन्य मिल सकता है पर्यटन के भाव से मौज मस्ती और अमर्यादित वस्त्र परिधान पहन कर धार्मिक विश्वास दर्शाना महज धोखा है। इन हालातों में पहाड़ की सेहत से तो जबरदस्त खिलवाड़ की जा रही है ऐसा करना अतिसंवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों की प्राकृतिक सौंदर्य और वातावरण के साथ भी अन्याय है। सरकार बेरोजगारी के माहौल में रोजगार और राजस्व के लोभ में आंख बंद कर रही है और लोग पर्यटन और पुन्य का लाभ उठाने के लिए सरपट दौड़ लगा रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# यूपी रोडवेज व ट्रेलर की टक्कर, चार महिलाओं की मौके मौत, परिचालक सहित 13 यात्री घायल

## आठ घायल भरतपुर रैफर - 25 यात्री बाल-बाल बचे - बस चालक फरार

- **अलीगढ से अजमेर जा रही थी यूपी रोडवेज**
- **भरतपुर जिला कलक्टर व एसपी मृदुल कच्छावा ने किया घटना स्थल का निरीक्षण**

चमकता राजस्थान

हलैना (राजवीर सिंह) जयपुर-आगरा नेशनल हाइवे-21 स्थित कस्बा हलैना-तिलचिवी के मध्य कृषि उपज मण्डी के सामने उत्तरप्रदेश रोडवेज आगे चल रहे लकडी से भरे टेलर में ओवरटेक करते समय टकरा गई। जिस हादसे में बस में सवार चार महिला यात्रियों की मौके पर मौत हो गई तथा परिचालक सहित तेरह यात्री घायल हो गए। जबकि बस में सवार अन्य 25 यात्री बाल-बाल बच गए। सूचना पर हलैना थाना पुलिस एवं टोल वसूल कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी मौके पहुंचे,जिन्होने ग्रामीणों की मदद से क्षतिग्रस्त बस में फंसे शव व घायलों को निकाल कर हलैना के सामुदायिक अस्पताल में पहुंचाया,जहां से परिचालक सहित आठ घायलों को भरतपुर रैफर कर दिया। हादसे की जानकारी लगते ही उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने भरतपुर जिला कलक्टर डॉ अमित यादव व एसपी मृदुल कच्छावा से दूरभाष वार्ता कर हादसे की जानकारी ली और भरतपुर जिला कलक्टर डॉ.यादव,एसपी कच्छावा,वैर के एएसपी जयनारायण मीणा,भुसावर वृत के सीओ धर्मेन्द्र शर्मा आदि ने घटना स्थल की निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस के प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा,घायन व बस में सवार यात्री आदि से रू-ब-रू होकर हादसे की जानकारी ली। थाना प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे के कस्वा हलैना से करीब एक किमी दूर जयपुर की ओर कृषि उपज मण्डी के समाने उत्तरप्रदेश रोडवेज एंव टेलर की टक्कर हो गई,जिस हादसे में रोडवेज बस में सवार चार महिलाओं की मौके पर मौत हो गई तथा परिचालक सहित 13 यात्री घायल हो गए। जिन्हे हलैना के सामुदायिक अस्पताल में पहुंचाया गया। जिसमें में परिचालक सहित आठ घायलों को भरतपुर रैफर कर दिया,जिनमें आधा दर्जन घायलों की हालत चिन्ताजनक थी। हादसे स्थल पर दम तोडने वाली सभी महिलाए है,जिनकी पहचान नही हो सकी। मृतकाओं के शवों को सामुदायिक अस्पताल के मृर्दाघर में रखवा दिया गया। उन्होने बताया कि ये रोडवेज बस अलीगढ आगार की थी,जो अलीगढ से अजमेर वाया भरतपुर होकर जा रही थी। बस में चालक-परिचालक सहित 42 यात्री सवार थे। उन्होने बताया कि हादसे की सूचना पर भरतपुर जिला कलकटर डॉ.अमित यादव,एसपी मृदुल कच्छावा आदि अधिकारी मौके पर आए।

### पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ सीएम भजनलाल शर्मा ने जताया दुःखद



### ये हुए घायल

सडक हादसे में रोडवेज बस में सवार यात्री घायल हुए और बस में सवार महिला यात्रियों की मौत हुई। जिसमें रामू 35 वर्षीष,सन्तोष 45 वर्ष,सूर्यप्रताप 21 वर्ष,राजू 27 वर्ष,मोहित 32 वर्ष,पप्पू 45 वर्ष,परिचालक जीतेन्द्र जाटव 25 वर्ष,अवनीश 35 वर्ष,तेजवीर 32 वर्ष,आसिव 3 वर्ष,फिरोज खान एक वर्ष घायल हो गए। हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई,जिनमें एक मृतका उत्तरप्रदेश के मथुरा शहर की राधेश्याम कॉलोनी की निवासी है और उसका नाम नतीसा पत्नी सलिम खान है और शेष मृतकाओं की पहचान नही हो सकी।

### पीएम और सीएम ने जताया दुःखद

» जयपुर नेशनल हाइवे के कस्वा हलैना के पास हुए सडक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,निवर्तमान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह,निवर्तमान सडक परिवहन और राजमार्ग केन्द्रीय मंत्री नितीन गडकरी,उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,राजस्थान के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम,समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता,पूर्व केबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव,निवर्तमान सांसद रंजीता कोली,वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली आदि ने दु:ख प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बन्धया और घायलों के स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामनाए की।

### ● इनकी मदद रही सराहनीय

सडक हादसे की सून कर प्रशासन, पुलिस, टोल वसूल कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी तथा कस्वा हलैना सहित आसपास के गांव के अनेक लोग मदद को आए। उक्त मदद के कार्य में भरतपुर जिला कलक्टर डॉ.अमित यादव व एसपी मृदुल कच्छावा भी पीछे नही रहे। जिन्होने क्षतिग्रस्त बस से शव व घायलों को निकाला। जिस मदद में एएसपी जयनारायण मीणा,सीओ धर्मेन्द शर्मा,हलैना थाना प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा,टोल वसूल कम्पनी के पीडी कौशल परिहार,टोला प्रबन्धक दीपक कुलेशेष्ठ,हलैना सामुदायिक अस्पताल प्रभारी डॉ.चन्दशेखर शर्मा,डॉ.परमवीर चैधरी, डौ. सौरभ मीणा,डॉ. सी.पी.मुदगल, डा.प्रियका चैधरी, मुरारीलाल मीणा, दिलीप कुमार, मौसमी मीणा, सीमा मीणा,सुमित , मनीष, हेमा आदि का कार्य सराहनीय रहा। ग्रामीण व्यक्ति पोले खान की सेवाभाव की लोग सर्वाधिक सराहना कर रहे है।

### मृतका मायके जा रही थी टोडाभीम

» मथुरा निवासी मृतका नतीसा पत्नी सलीम खान उत्तरप्रदेश रोडवेज बस में मथुरा से दौसा जिले के कस्वा महवा को सवार हुई थी,जिसके साथ 3 वर्षीय आसिव व एक वर्षीय फिरोज खान भी थे। मृतका का करौली जिले के कस्वा टोडाभीम में मायका था। जहां मृतका की माता लम्बे समय से बीमार थी। जिससे मिलने ये बच्चों सहित जा रही थी।

### ● बस में सवार थे 42 लोग

» घायल परिचालक जीतेन्द्र जाटव ने बताया कि अलीगढ से अजमेर वाया भरतपुर–मथुरा जा रही बस में चालक–परिचालक सहित कुल 45 यात्री सवार थे,जिसमें मथुरा व भरतपुर से सर्वाधिक यात्री सवार हुए थे। तीन यात्री कस्वा हलैना उतर गए। शेष लोग बस में सवार थे,जो आगे का सफर तय कर रहे थे। हलैना से करीब सवा किमी दूरी पर ये हादसा हो गया।

### ● फिर कोसा टोमा सेन्टर

» लोकार्पण के 11 माह गुजर जाने के बाद भी टोमा सेन्टर पर लटके ताले को देख कर प्रशासन,पुलिस,घायल व मददगार आदि दंग नजर आए। जिनके मुख से एक ही वाक्या सुनने को मिला कि ये टोमा सेन्टर कब चालू होगा।

### ● ये आई एम्बूलेस-108

» हादसे में घायलों की मदद एवं घटना स्थल से हलैना तथा हलैना से भरतपुर रैफर हुए घायल को पहुंचाने के लिए हलैना से एम्बूलेंस–108 के वीरेन्द्र व कुलदीप,डहरा मोड व बांसी की एम्बूलेंस 108 तथा टोल वसूल कम्पनी की एम्बूलेंस आई। जिन्होने घायलों को हलैना व भरतपुर के सरकारी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### भुसावर नगर पालिका के दो पार्षदों सहित निलंबित कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)।** नगर पालिका की चेयरमैन सुनीता प्रकाश चंद जाटव ने स्थानीय थाने में दो पार्षदों सहित निलंबित कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज कराया है पुलिस ने नगर पालिका भुसावर की चेयरमैन सुनीता प्रकाश चंद जाटव की ओर से अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है भुसावर थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया की कस्वा भुसावर नगर पालिका की महिला चेयरमैन सुनीता प्रकाश चंद जाटव ने अपनी ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखवाया कि भुसावर नगर पालिका के निलंबित कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार और नगर पालिका के पार्षद अमर सिंह जाटव और शिवराम मीणा ने नगर पालिका कार्यालय में अवैध रूप से घुसकर सरकारी दस्तावेजों में कांट छांट और नगर पालिका के कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करने सरकारी फाइल को छीन सहित सरकारी कार्य में बाधा डालीं और नगर पालिका कार्यालय में व्यवधान किया परिवाद पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है भुसावर पुलिस ने नगर पालिका चेयरमैन सुनीता प्रकाश चंद जाटव की ओर से दो पार्षदों और निलंबित कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की असलियत की जांच की जा रही है

### राष्ट्रीय मीणा युवा महासभा द्वारा 21 यूनिट ब्लड डोनेशन कर मानवता का दिया संदेश




**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** मीणा छात्रावास मुखर्जी नगर में 17 मई को आरबीएम अस्पताल में ब्लड की कमी आने के कारण मीणा समाज के लोगों ने युवाओं ने मिलकर 21 यूनिट ब्लड रक्तदान किया। राष्ट्रीय मीणा युवा महासभा के संभाग अध्यक्ष विक्रम मीणा व युवा महासभा के जिला अध्यक्ष हरेंद्र बालोत के नेतृत्व मैं किया गया इस मौके पर पार्षद तेजवीर मीणा ने बताया कि आरबीएम हॉस्पिटल मैं ब्लड की कमी आने के कारण गांव से आने वाले लोगो को परेशानियां का सामना करना पड़ रहा था इस मौके पर अमरसिंह मीणा भूरा मीणा ऋषिकेश मीणा,बबलू मीणा पक्का बाग, सचिन सिनपिनी, सीपी मीणा, देवेंद्र मीणा, प्रवेश मीणा, दिलीप मीणा, कपीश मीणा, लोकेश मीणा, सुमित मीणा आदि लोग स्थित थे और रक्तदान शिविर में मीणा समाज के साथियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और 21 यूनिट रक्तदान कर अपनी भागेदारी निभाई।

## रतलाम - मथुरा ,कोटा -बड़ोदरा ट्रेनों को दिया मेल एक्सप्रेस का दर्जा

चमकता राजस्थान

चौमहला !(रमेश मोदी)! कोटा से रतलाम व बड़ोदरा जाने वाली यात्री गाड़ियों पैसेंजर ट्रेनों को रेलवे प्रशासन ने एक सर्कुलर जारी कर मेल एक्सप्रेस का दर्जा देकर दोनों ट्रेनों का किराया बढ़ा दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री गाड़ी बड़ोदरा कोटा बड़ोदरा संख्या 19819/19820 एवं रतलाम कोटा रतलाम संख्या 19103/19104 ट्रेनों को मेल एक्सप्रेस का दर्जा दिए जाने के बाद इन यात्री गाड़ियों में यात्रा करने वाले यात्रियों से



मेल एक्सप्रेस का किराया वसूला जाएगा ,जो बुधवार रात्रि 12 बजे बाद से लेना शुरू किया जा चुका है ज्ञात रहे विगत माह में इन ट्रेनों में किराया रेलवे प्रशासन ने कम करने की घोषणा के बाद इन ट्रेनों में यात्रा करना काफी सस्ता हो गया था ,जो कि अब पुनः पहले की भांति ही मेल एक्सप्रेस का किराया वसूला जाएगा ।अब कम दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों ,व गरीब जनता के जेब पर पड़ेगा अधिक भार अभी तक रेल यात्रा को ही सबसे सस्ता पब्लिक ट्रांसपोर्ट माना जाता था ,लेकिन पैसेंजर ट्रेनों को मेल एक्सप्रेस में बदलने से जनता का यह भ्रम भी टूट गया है!‍₹ रेलवे द्वारा किराया कम करने के बाद फिर से बढ़ाने का आदेश देना आमजन के साथ छलावा है रेलवे को यही करना था तो चुनाव के समय किराया कम करने का क्या औचित्य था रेल प्रशासन को संज्ञान लेकर पुनः किराया कम कर के आमजन को राहत देनी चाहिए :- सामाजिक कार्यकर्ता गुलज़ार एच. जिनेवाला

### लाडो को मिली साईकिलें



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर झड़वासा कस्बे के निकट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भटियानी की लाडो को राजस्थान सरकार द्वारा साईकिलें वितरण की गईप्रभारी मधुसूदन अग्रवाल ने बताया की 2022 - 23 व 2023 - 24 दो सत्रों की प्राप्त 37 साईकिलों का कक्षा 9 उत्तीर्ण छात्राओं को वितरण की गई साईकिल प्राप्त कर उपस्थित सभी छात्राओं के चेहरे खिले हुए थे साईकिल मिलने से भटियानी विद्यालय में अध्ययन के लिए बाहर ग्राम से आने वाली छात्राओं को काफी सुविधा मिलेगी इस मौके पर उपप्रधाचार्य विनोद कुमार राव, महेश कुमार, रणजीत लाल राव व विधायक प्रतिनिधि एवं विद्यालय सहायक पुखराज टांक तथा साईकिल प्राप्त छात्राएं उपस्थित थी।

### टैंकर में सीमेंट के कट्टों की आड़ में तस्करी किया जा रहा था मादक पदार्थ

## दिनेश एमएन के निर्देशन एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में कार्रवाई

- **3.50 करोड़ रुपये कीमत का मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया गया 22 क्विंटल एवं 22 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जप्त**

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) 17 मई। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक ट्रेलर से भारी मात्रा में नशे की खेप बरामद की है। सीमेंट के कट्टों की आड़ में मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया जा रहा 22 क्विंटल 22 किलो अफीम डोडा चूरा पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ 50 लाख





रुपए है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित एवं इनामी बदमाशों की धर पकड़ तथा अवैध मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न गिरोह से जुड़े सक्रिय बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय से राज्य के शहरों में टीम भेजकर जानकारी हासिल की जा रही है। एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम के सदस्य कांस्टेबल गोपाल लाल धाभाई व विजय सिंह को आसूचना के संकलन के दौरान मिली जानकारी पर आसींद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई ।टीम को जानकारी मिली कि कुछ तस्कर मध्य प्रदेश में किसानों से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लाकर राजस्थान बॉर्डर स्थित किसी गोदाम पर इकट्ठा करते हैं। फिर वहां से बड़े ट्रक टैंकरों में सारा माल लोड कर किसी सामान की आड़ में राजस्थान के विभिन्न इलाकों में सप्लाई किया करते हैं ।इस सूचना को डवलप करने के बाद शुक्रवार को एजीटीएफ टीम द्वारा सन्दिग्ध टैंकर का पीछा कर आसींद थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को पीछा करते देख टैंकर सवार आसींद से करीब 1 किलोमीटर पहले हाईवे सर्विस रोड पर गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गए। गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें रखे सीमेंट के कट्टों के साथ छुपा कर रखे गये 109 प्लास्टिक के कट्टों से कुल 22 क्विंटल 22 किलो अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया। एडीजी एमएन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ से भरे टैंकर को थाना पुलिस की टीम ने जब्त कर लिया है। साथ ही फरार हुए आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई हैएडीजी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कांस्टेबल गोपाल लाल धाबाई व विजय सिंह की विशेष भूमिका रही। कार्रवाई में एसएचओ आसींद हंसपाल सिंह व एएसआई अयूब मोहम्मद मय जाब्ता के शामिल थे।

## श्रद्धासुमन अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# स्वर्गीय डा. कमला बेनीवाल की तीये की बैठक एवं श्रद्धांजलि सभा का हुआ विधिवत आयोजन

## राज्यपाल कलराज मिश्र सहित अनेक राजनेताओं एवं समर्थकों ने बड़ी संख्या में लिया भाग






## पीएम मोदी, राहुल गांधी, खड़गे,सीएम भजनलाल, एमपी सीएम मोहन लाल यादव, डोटासरा अशोक गहलोत, सचिन पायलट, सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों व गणमान्यजनों ने भेजें शोक संदेश

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) राजस्थान ही नहीं भारत में अपने यशस्वी व्यक्तित्व की शख्सियत रही और स्वच्छ एवं ईमानदार बेदाग राजनीति की अमिट छाप छोड़ने वाली स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व राज्यपाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रही महान विभूति हुतात्मा स्वर्गीय डॉ. कमला बेनीवाल की तीये की बैठक और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शुक्रवार शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे तक जयपुर के गांधीनगर स्थित गांधी क्लब मैदान में धार्मिक अनुष्ठानों और पावन विधि विधानों के साथ परंपरागत रूप से आयोजित किया जिसमें मुख्य रूप से राज्यपाल कलराज मिश्र और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मंत्री भाजपा नेता लालचंद कटारिया उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, वरिष्ठ विधायक कालीचरण सर्राफ,विधायक युनुस खान,विधायक हाकम खान, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, नमोनारायण जाट नेता राजाराम मील, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, सुरेश चौधरी, मदन चौधरी, पूर्व मंत्री और विधायकगण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों और मातृशक्ति की परिचायक महिलाओं, अधिकारी एवं कर्मचारी, परिजनों, समाजबंधुओं भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने डॉ कमला बेनीवाल द्वारा प्रदेश ही नहीं अपितु राष्ट्र को समर्पित देशभक्ती, स्वच्छ और निर्मल, बेदाग राजनीति, सेवाभाव, विकास, प्रकृति सेवा का समर्पण भाव सामाजिक सुधार,शिक्षा को बढ़ावा, महिला सशक्तिकरण आदि योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित भावभीनी श्रद्धांजलि दी इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव, राज्यपाल कलराज मिश्र,अशोक गहलोत, सचिन पायलट, डॉ किरोड़ी लाल मीणा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, जाट महासभा, ब्राम्हण महासभा, सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक संगठनों, राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, समर्थकों ने अपने अपने शोक संदेशों के माध्यम से डॉ कमला बेनीवाल के समाजसेवी और मानवतावादी अतुलनीय योगदान को याद किया और परिजनों को संबल प्रदान कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करी अनेक इस दौरान उनके सुपुत्र और पूर्व शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल ने अपनी भावुक करुणामय प्रतिक्रिया व्यक्त कर डॉ कमला बेनीवाल की तीरे की बैठक और श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी पूजनीय मां आदरणीया डॉ. कमला जी की श्रद्धाजंलि सभा में उपस्थित होने के लिए आप सभी का आभार।मां के देवलोकगमन पर आप सभी की संवेदनाओं और संदेशों के लिए धन्यवाद। दुःख की इस घड़ी में आपके साथ और समर्थन से मुझे हिम्मत मिली है, आप सभी का आभार उनके आलोक बेनीवाल के साथ उनकी धर्मपत्नी सविता बेनीवाल, बेटे अभिजीत आलोक, बेटी अदिती दामाद विकास चौधरी, डॉ. आभा चौधरी, डॉ. राघवेन्द्र चौधरी, डॉ. अलका, डॉ. अमिता गिल, डॉ. ओमप्रकाश गिल, अरुणिया चौधरी, कर्नल राजेन्द्र चौधरी समस्त बेनीवाल परिवार व मान परिवार (पीहर पक्ष) शाहपुरा विधानसभा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भी सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर आमजन को बताए कारण और रोग से बचाव के उपाय



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर, 17 मई। जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर आमजन को रक्तचाप संबंधी जानकारी दी व जांच भी की गई। संस्थानों पर उच्च रक्तचाप के कारण, बचाव के उपाय, निदान एवं इलाज के बारे में विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि अधिक वजन, मोटापा, तनाव, अत्यधिक नमक एवं शराब के सेवन, गुर्दे की बीमारी अथवा अनुवांशिकता इत्यादि के कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि शारीरिक गतिविधियों में वृधि, संतुलित आहार, फल एवं सब्जियों का भरपूर सेवन नियमित योग करने से उच्च रक्तचाप से बचा जा सकता है। हमें नियमित अंतराल से रक्तचाप की जांच करवाते रहना चाहिए व उच्च रक्तचाप पाए जाने पर चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवाइयां भी लेनी चाहिए। उच्च रक्तचाप की जांच और उपचार सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों के निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि दिनचर्या में बदलाव लाने और अच्छा खानपान से सेहत अच्छी रहती है। उन्होंने बताया कि डिब्बाबंद खाना खाने से बचना चाहिए तथा उचित व्यायाम करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।

### उदयपुर जिले में थाना सवीना पुलिस की कार्रवाई

- **नागा साधु के वेश में संकट दूर करने और धन प्राप्ति का प्रलोभन देकर लूट का आरोपी गिरफ्तार**

**चमकता राजस्थान। जयपुर/उदयपुर! (खलील कुरैशी) 17 मई।** उदयपुर जिले की सवीना थाना पुलिस की टीम ने करीब 7 महीने पहले थाना क्षेत्र में नागा साधु के वेश में एक व्यक्ति के पहने सोने के जेवर गुमराह कर लूटने के मामले में आरोपी नागा साधु धारूनाथ उर्फ धुरव नाथ पुत्र अजानाथ (32) निवासी थाना देहगांव जिला गांधीनगर गुजरात को बापर्दा गिरफ्तार किया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध में 19 अक्टूबर 2023 को बसंत विहार सैक्टर-14 निवासी प्रकाश चंद जैन द्वारा रिपोर्ट दी गई कि आज दोपहर एक कार में आए नागा साधु ने रास्ते में उसके पास आकर गाड़ी रोकी और शिव मंदिर का पता पूछा। बातचीत के दौरान संकट दूर करने एवं धन का प्रलोभन देकर उसकी सोने की चेन व हाथ की दो अंगूठी ले ली और अचानक गाड़ी की रफ्तार बढ़ा फरार हो गए।मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए एसपी गोयल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ जगन पुरोहित एवं एसएचओ फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मुखबिर तंत्र, तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी फुटेज एवं घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान कर आरोपी धारूनाथ उर्फ धुरव नाथ को गुजरात से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से पुलिस ने हड़पी गई सोने की चेन व दोनों अंगूठी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया है। जिससे अन्य दूसरी वारदातों के संबंध में पुलिस गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

## भटियानी में 11वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

- **खेल मानव के समुचित विकास के लिए जरूरी : पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुर्जर**

चमकता राजस्थान




श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक) श्रीनगर झड़वासा के निकट ग्राम पंचायत भटियानी में 11वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारम्भ हुआप्रतियोगिता प्रभारी कन्हैयालाल, घनश्याम, कैलाश, सम्पत राव, समाज सेवी पुखराज ने बताया की आयोजक पृथ्वीराज क्लब अजमेर व अखिल भारतीय राव (जाटो के) समाज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 की इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अब तक 21 टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चूका है ओर अभी ओर भी टीमें आएगी मैच रोमांचिक होने वाला है आज शुभारम्भ में नसीराबाद विधान सभा के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि कैलाश तेला द्वारा इसकी शुरुआत की गईं इस प्रतियोगिता का आगामी रविवार को समापन होगा इस अवसर पर पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि कैलाश तेला व एडवोकेट हंसराज चौधरी ने अपने उदबोधन में बताया की खेल मानव के समुचित विकास के लिए जरूरी है इससे शारीरिक व मानसिक विकास होता है इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को ट्रॉफी के साथ 11000/- रूपये व द्वितीय विजेता को भी ट्रॉफी के साथ 5100/- रूपये का तृतीय को 3100/- रूपये व चतुर्थ को 2100/- रूपये पुरुष्कार प्रदान किया जायेगा

शुभारम्भ में टोस प्रक्रिया के बाद मैच राजसमंद व रुपनगढ़ प्रगणा के साथ के बीच शुरू हुआ इस शुभारम्भ के मौ×के शिक्षा अधिकारी राजकुमार गुर्जर, प्रधानाचार्य विनोद कुमार राव, रामचंद्र जाट, कालू भींचर व मनोज सेन सहित कई क्रिकेट खिलाडी उपस्थित थे।

## उदयपुर जिले में डीएसटी व थाना सवीना पुलिस की कार्रवाई

- **फैक्ट्री से लाखों का रॉ मैटेरियल चोरी की वारदात का खुलासा, खरीददार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार**
- **20 लाख रुपए कीमत का चुराया गया रॉ मैटेरियल बरामद**

चमकता राजस्थान



जयपुर/उदयपुर!(खलील कुरैशी) 17 मई। उदयपुर डीएसटी व थाना सवीना पुलिस की टीम ने फैक्ट्री से लाखों रुपए कीमत के रॉ मैटेरियल चुराने की वारदात का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 20 लाख रुपए कीमत का चुराया गया रॉ मैटेरियल बरामद कर लिया है। शेष माल की बरामदगी के लिए पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध में 15 मई को थाना सवीना स्थित डाकन कोटडा फैक्ट्री के संजीव गोरवाड़ा द्वारा रिपोर्ट दी गई कि पिछले कुछ दिनों से उनकी फैक्ट्री के गोदाम से रात के समय कच्चे माल की चोरी हो रही है। रिपोर्ट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर घटना के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ फूलचंद टेलर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

तलाश के दौरान डीएसटी के हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर व विक्रम सिंह को मिली सूचना के आधार पर चोरी के आरोपी सूरजमल मीणा पुत्र जगला मीणा (30) एवं खेमराज मीणा पुत्र शंकर (29) निवासी थाना बाघपुरा उदयपुर एवं चोरी के माल के खरीददार मावाराम पटेल पुत्र केवाजी (31) निवासी अंबामाता घाटी थाना सवीना को गिरफ्तार किया गया।एसपी गोयल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए रॉ मैटेरियल एल्युमिनियम कास्टिक सोडा के आठ कट्टों में से चार कट्टे बरामद कर लिए हैं। जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है। शेष माल की बरामदगी के लिए पूछताछ किए जा रही है।

## मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नेहा गौड़ के नेतृत्व पशु प्रबंधन टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

# जयपुर हैरिटेज निगम में अवैध बूचड़खाने पर कार्रवाई कर, किया सीज

## 70 किलो दूषित मास को किया नष्ट, लापरवाह दुकानदारों के काटे चालान

चमकता राजस्थान

### कार्रवाई को लेकर मीट व्यापारियों ने जताया विरोध



**जयपुर। (खलील कुरैशी)** जयपुर में अवैध तरीके से संचालित की जा रही मीट और मांस की दुकानों के खिलाफ नगर निगम हेरिटेज ने अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को निगम की पशु प्रबंधन शाखा की टीम ने आदर्श नगर जोन में आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान निगम की टीम ने घर से संचालित अवैध बूचड़खाने को सीज करने के साथ ही लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की।नगर निगम हेरिटेज की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेहा गौड़ ने बताया कि शहर के अंदरूनी इलाकों में अवैध रूप से मीट और मांस बेचने की शिकायत सामने आई थी। इसके बाद आज शहर के अलग अलग इलाकों में औचक निरीक्षण कर गलत तरीके से मीट और मांस बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान धन्ना दास जी की बगीची में घर से संचालित अवैध बूचड़-खाने को सीज कर संचालक को नोटिस जारी किया गया। वहीं, 6 अलग-अलग दुकानों को नियमों के विपरीत मीट और मांस रखने और बेचने पर लगभग 70 किलो मांस जब्त और नष्ट कर सभी के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पशु प्रबंधन समिति के उपायुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में गलत तरीके से मीट और मांस की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। आज हमारी टीम ने आदर्श नगर जोन से अभियान की शुरुआत की है। जल्द ही हवामहल, आमेर, सिविल लाइंस और किशनपोल जोन में गलत तरीके से मीट और मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं और शहर में संचालित हो रही अवैध डेरियों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा। ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### निगम की तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई को लेकर मीट व्यापारियों में विरोध,

» जयपुर हैरिटेज निगम की पशु प्रबंधन टीम द्वारा की गयी इस कार्रवाई को लेकर जयपुर मीट दुकानदारों तथा व्यापारियों में अच्छा खासा गुस्सा देखने को मिला अपनी प्रतिक्रिया में जयपुर मीट व्यापारियों ने बताया कि जयपुर हैरिटेज निगम पशु प्रबंधन टीम द्वारा हमें टारगेट कर अनावशयक रूप से आयें दिन परेशान किया जा रहा है जबकि हम सब सभी नियमों का पालन कर रहे हैं लगभग सभी मीट की दुकानें लाईसेंसशुदा हैं और स्लाटर हाउस से निगम की पर्ची और मोहर लगवाकर मीट लाकर दुकानों पर बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं अगर मीट व्यापारियों कुछ कमीयां हैं तो निगम पहले नोटिस देकर अवगत करवायें फिर कार्रवाई करें इस तरह से तानाशाही एवं अराजकता के तहत गरीब और मेहनतकश मीट दुकानदारों को परेशान ना किया जाये इसके अंतर्गत आगामी दिनों में रणनीति बनाकर मीट दुकानदारों व व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही सीएम, गृहमंत्री, सहित संबंधित अधिकारियों से मिलकर अपनी अपनी पीड़ा व्यक्त करेगा

# संक्षिप्त समाचार

## दो समुदाय के बीच मामूली-सी कहासुनी के बाद पथराव :

- **पथराव के बाद रामगंज में जाप्ता तैनात, शांति बरकरार**
- **पुलिस द्वारा मामले की बारिकी से जांच कर, मुख्य आरोपियों की तलाश में जुटी**

**चमकता राजस्थान। जयपुर,(खलील कुरैशी .)।** रामगंज इलाके में गुरुवार देर रात दो समुदायके लोगों के बीच कहासुनी के बाद पथराव के चलते तनाव व्याप्तहो गया था। जिसके चलते पुलिस प्रशासन की ओर से एहतियात के तौर पर मौके पर जाप्ता तैनात है और घटनास्थल पर शांति बनी हुई है। इस मामले में दोनों पक्षों में किसी ने भी शिकायत नहींदी है। इस मामले में पुलिस अपनी तरफ से मामला दर्ज करेगी।थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि इस मामले में झगडाकरने वाले मुख्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहालउनका पता नहीं चल पाया है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओरसे कोई भी शिकायत नहीं दी गई है। उच्च अधिकारियों चर्चा के बाद अपने स्तर पर पुलिस इस घटनाक्रम को लेकर मामला दर्जकरेंगी। गौरतलब है कि रामगंज में दर्जियों के रास्ते में गुरुवार देर रात पथराव हुआ । दो दिन पहले गली में खड़े रहने की बात कोलेकर दो समुदाय के बीच विवाद हो गया था। गुरुवार देर रातइलाके में लाइट गई हुई थी। लाइट नहीं आने के चलते एकसमुदाय के कुछ लोग गली में सड़क पर खड़े थे। दूसरे समुदायके लोगों ने उन्हें गली में खड़े होने से टोका। इस बात को लेकरदोनों पक्षों में कहासुनी के बाद तनातनी होने पर स्थिति बिगड़ गई।दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने हो गए और एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगोंको हिरासत में लिया है।

## एमजी मोटर इंडिया ने जयपुर में नई डीलरशिप और वर्कशॉप का किया शानदार उद्घाटन

- **जयपुर वासियों को मिलेगी एमजी मोटर इंडिया की सुगम और सुविधाजनक सेवाएं : सतिंद्र सिंह बाजवा**



**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी)।** एमजी मोटर इंडिया ने जयपुर में एक नए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट शोरूम और वर्कशॉप का उद्घाटन करके अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। एमजी मोटर इंडिया के नेटवर्क का विस्तार ओवरऑल बॉयिंग, समग्र खरीद और ओनरशिप एक्सपीरियंस को बढ़ाने के लिए इसकी स्ट्रैटेजिक विजन, रणनीतिक दृष्टि के अनुरूप है। एमजी मोटर इंडिया के अब राजस्थान में 19 टच प्वाइंट्स हैं। एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि हम एमजी 2.0 के तहत राजस्थान में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए खुश हैं। जैसे-जैसे हम बाजार के साथ बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे ब्रांड के ज्योग्राफिकल फुटप्रिंट्स को नए क्षेत्रों में विस्तारित कर रहे हैं, जिससे आसान सेल्स और आफ्टर सेल्स सर्विसेस सुनिश्चित हो रही हैं। हमने देश के 170 शहरों में 400 से अधिक टचप्वाइंट्स स्थापित किए हैं। हम इस साल 100 नए एमजी टचप्वाइंट्स विशेष रूप से टियर 3 और टियर 4 शहरों के लिए स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य ग्राहकों के और करीब आकर उनके साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें पूर्ण संतुष्टि के साथ अपनी पसंदीदा एमजी कार चुनने और चलाने की सुविधा मिल सके। यह हमारी एक्सेसिबिलिटी बढ़ाने और उत्कृष्ट कस्टमर एक्सपीरियंस प्रदान करने के हमारे दृढ़ समर्पण को प्रदर्शित करता है। वहीं, एमजी साईसम मोटर्स ने कहा कि हम एमजी के तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों, कस्टमर सेंट्रिक एप्रोच, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और ग्राहकों की जरूरतों की समझ के साथ, हम अपने ग्राहकों को एक बेहतर ओनरशिप एक्सपीरियंस प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचलंगी के शिक्षकों ने 39000 रुपए राशि का किया चेक भेंट

- **विद्यालय की प्रधानाचार्य स्नेहलता को भौतिक सुविधाओं के विस्तार हेतु की राशि भेंट, प्रधानाचार्य ने किया आभार व्यक्त**




**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)।** उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पचलंगी के शिक्षकों ने विद्यालय की प्रधानाचार्य स्नेहलता को विद्यालय में भौतिक सुविधाओं के विस्तार हेतु 39000 रूपयों राशि का एक चेक भेंट किया। प्रधानाचार्य ने बताया की इस राशि को मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना में समसा के माध्यम से जमा करवाया जाएगा जिसके तहत 60 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा और प्रदान की जाएगी विद्यालय को प्राप्त हो जाएगी। इस राशि से विद्यालय कार्यालय हेतु एक लेपटाप एक कम्प्यूटर व एक इन्वेटर मशीन बैटरी सहित ख़रीदी जाएगी। ताकि विद्यालय में भौतिक सुविधाओं का विस्तार हो सके इस सहयोग राशि में विद्यालय के शिक्षक श प्रहलाद राम, परमवीर सिंह, विद्या देवी (शा शि), मंजू लता गोठवाल, प्रेम कुमारी, एवं विरेन्द्र सिंह कुड़ी ने आर्थिक सहयोग किया एवं विद्यालय के शिक्षक उम्मेद सिंह ,भवानी शंकर, भंवर कंवर, विष्णु बारेठ, निर्मला सैनी, दर्शना सैनी, शिशराम गुर्जर,अनिता,शिवराज सिंह, सुशीला देवी उपस्थित रहे तथा बुद्धि प्रकाश शर्मा (अड) व सन्नी पाराशर (इउक) ने शिक्षकों को उक्त सहयोग राशि विद्यालय में भौतिक सुविधाओं के विस्तार हेतु देने के लिए प्रेरित किया जिसपर प्रधानाचार्य स्नेहलता ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में इसी प्रकार विद्यालय को सहयोग करने हेतु प्रेरित किया।

# ड्रग कंट्रोलर समेत दो डीसीओ को नोटिस

## ब्लड बैंक सील करने के बाद रखे ब्लड को नहीं करवाया शिफ्ट

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** जयपुर के गोपालपुरा बाइपास स्थित ब्लड बैंक जिसे फरवरी में भवन मालिक ने किराए पेंडेंसी के कारण बंद कर दिया था। उसमें ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक और दो डीसीओ नीरज कुमार और सुभाष चन्द दादरवाल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसे देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने इन तीनों को 17ष्ट का नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है।दरअसल जयपुर के गोपालपुरा बाइपास पर जीवनदाता ब्लड सेंटर के नाम से ब्लड बैंक संचालित होता था। किराए के भवन में संचालित इस ब्लड बैंक का 50 लाख रुपए से ज्यादा किराया चढ़ने के बाद संचालक इसे 20 जनवरी को बंद करके चला गया। इस भवन के मालिक ने 29 जनवरी से 7 फरवरी के बीच 4 बार पत्र लिखकर ड्रग कंट्रोलर और आरएसबीटीसी जयपुर के विभागाध्यक्ष को सूचित किया। 29 जनवरी को की विजिट रिपोर्ट में नहीं बताया कितना ब्लड मौजूद इस विजिट के बाद टीम ने अपनी जो रिपोर्ट तैयार की उसमें ये उल्लेख नहीं किया कि बंद पड़े ब्लड बैंक में खराब ब्लड के बाद कितना ब्लड कोम्पोनेंट मौजूद है। इस दौरान ब्लड उसी बिल्डिंग में पड़ा रहा और विभाग ने 8 फरवरी को इसका लाइसेंस निरस्त कर दिया।



**440 यूनिट ब्लड हो गया था खराब**

### 440 यूनिट पीआरबीसी हो गई खराब

» 29 जनवरी से 8 फरवरी के दौरान भवन में रखी 440 यूनिट पैक्ड रेड ब्लड सैल्स (पीआरबीसी) और 33 यूनिट प्लेटलेट्स (आरडीपी) खराब हो गई। इसके बाद 8 फरवरी की रात को जब ड्रग कंट्रोलर की टीम 8 फरवरी को दोबारा देर रात पहुंची तो वहां मौजूद तमाम ब्लड को एसएमएस पहुंचाया, जहां पता चला इतना ब्लड खराब हो। लिखित शिकायत पर ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने 29 जनवरी को विजिट की। विजिट के समय वहां 600 यूनिट ब्लड था, जिसमें से 47 यूनिट ब्लड खराब हो चुका था। इस खराब ब्लड को टीम ने नष्ट करवाया, लेकिन शेष ब्लड को किसी दूसरे सरकारी हॉस्पिटल या ब्लड बैंक सेंटर पर चुका है। इस तरह ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारियों की लापरवाही के कारण 10 दिन के अंदर 440 यूनिट ब्लड और 33 यूनिट प्लेटलेट्स खराब हो गई। इस प्रकरण को गंभीर मानते हुए मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की अनुशंसा पर एसीएस शुभ्रा सिंह ने इन तीनों को 17 सीसीए की चार्टशीट जारी करते ह

## भूदोली रोड मालनगर में महिला व पुरुष पहलवानों ने दिखाएं कुश्ती दंगल में दावपेच

चमकता राजस्थान

उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव) नीमकाथाना जिले के भूदोली रोड पर स्थित मालनगर गांव में हाज्याली वाले बालाजी महाराज का मेला भरता है जिसमें दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर मन्नत मांगी ' मेले में हरियाणा के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की गई ' गुरुवार को मालनगर में महिला एवं पुरुष पहलवानों द्वारा कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया गया ' जिसमें दुरदराज से आए हुए पहलवानों ने अपने दाव पेच दिखाएं कुश्ती दंगल में संचालन राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने किया ' नीमकाथाना कुश्ती संघ अध्यक्ष प्रकाश पहलवान ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में 100 रुपए से लेकर रुपए तक की कुश्ती करवाई गई थी जिसमें खटूंद्रा के छगन पहलवान एवं सुरेंद्र भिवानी के बीच अंतिम मुकाबला हुआ ' अंतिम मुकाबले में देर रात खटूंद्रा के छगन पहलवान ने सुरेंद्र भिवानी को हराकर 21 हजार रुपए की कुश्ती जीती ' इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, लक्ष्मण सिंह, सवाई सिंह, भामाशाह भागीरथचौधरी, सोहनलाल ,राजपाल सिंह, राधेश्याम, धोलू , नरेंद्र , ओमप्रकाश , कैप्टन रोहतांन सिंह सहित कई गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।



- **हाज्याली वाले बालाजी महाराज का भरा मेला**
- **कुश्ती दंगल में छगन खटूंद्रा व सुरेंद्र भिवानी के बीच हुआ मुकाबला**
- **खटूंद्रा के छगन पहलवान ने जीती 21000 रुपए की कुश्ती :-.मदनलाल भावरिया**

## डूंगरपुर में पुलिस कान्सटेबल 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 17 मई, शुक्रवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इन्टे. इकाई द्वारा आज डूंगरपुर में कार्यवाही करते हुये रोहित कुमार कानि. नम्बर 370 पुलिस थाना बिछीवाडा जिला डूंगरपुर को परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयपुर इन्टे. इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मैं पेट्रोल पम्प से डीजल खरीदकर मेरे गांव में बेचने का काम करता हूँ। मेरे द्वारा डीजल बेचान का काम करने की एवज में थानाधिकारी व वृत्ताधिकारी के नाम पर पुलिस थाना बिछीवाडा के कान्सटेबल रोहित कुमार द्वारा 15 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।



जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की उदयपुर इन्टे. इकाई की पुलिस निरीक्षक डॉ. सोनू शेखावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के डूंगरपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित कुमार कानि. नम्बर 370 पुलिस थाना बिछीवाडा जिला डूंगरपुर को परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## आवासन आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने ली निर्माणाधीन परियोजनाओं की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

- **आवासन मंडल द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता व समयावधि के मामले में नहीं किया जाएगा समझौता :- आयुक्त, आवासन मंडल**



**चमकता राजस्थान । जयपुर, (खलील कुरैशी)।** आवासन आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने शुक्रवार को आवासन मंडल मुख्यालय 'आवास भवन' पर एक अहम बैठक लेकर प्रदेश भर में चल रही विभिन्न प्रगतिरत आवासीय योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आवासन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में आवासीय योजनाओं के प्रति लोगों ने खासा उत्साह दिखाया है। जयपुर शहर में अपार्टमेंट और विलाज के प्रति भी लोगों में गजब का आकर्षण देखने को मिला। उन्होंने योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा प्रभावी कार्ययोजना बना उन्हें कम से कम समय में पूरा करने के आदेश दिये। सिंह ने लॉटरी से वंचित रहे उपभोक्ताओं की राशि तुरंत रिफंड करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव में भी असफल आवेदकों उनकी की अमानत राशि महज 72 घण्टे में स्वतः ही रिफण्ड हो जाती है। उन्होंने इस प्रक्रिया को इन योजनाओं के साथ भी अमल में लाने के निर्देश दिए। आवासन आयुक्त ने शहरों में योजनाओं से सम्बन्धित हेल्प डेस्क को भी मजबूत करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को आवेदन करने में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि आमजन योजनाओं से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर्स से भी जानकारी जुटासकते हैं। आवासन आयुक्त ने बैठक में संबंधित साइट्स के अधिकारियों से साइट की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने संवेदकों के लिए चेताते हुए कहा कि यदि कोई भी संवेदक कार्य को समयावधि और तय मानकों पर पूर्ण करने में सक्षम नहीं है तो अभी छोड़ दे मंडल द्वारा कोई और व्यवस्था कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन का विश्वास ही मंडल की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न आवास योजना में तैयार हो रहे आवासों को प्राथमिकता पर रखते हुए गुणवत्ता युक्त कार्य किए जाएं। बैठक में सचिव ड अनिल कुमार, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता एचक्यू मनोज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 13 हजार 700 लीटर श्री सरस घी नामक घटिया एवं बदबूदार घी का स्टॉक पकड़ा

# जयपुर में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय ने मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत करी प्रभावी कार्रवाई

### खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में दिया गया इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा के नेतृत्व में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 9 स्थित संयम एंटरप्राइजेज पर बड़ी कार्रवाई कर लगभग 13 हजार 700 लीटर घटिया घी का स्टॉक पकड़ा गया।अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में बड़ी तादाद में घटिया क्वालिटी के घी का कारोबार होने की सूचना मिली थी। इस पर खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने शुक्रवार सुबह सर्च ऑपरेशन कर वीकेआई रोड़ नम्बर 9 पर स्थित फैक्ट्री पर छापा मारा। यहां टीम को भारी मात्रा में घी का स्टॉक मिला।








- **खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की बड़ी कार्रवाई 13,700 लीटर घटिया घी का स्टॉक पकड़ा**

भारी मात्रा में स्टॉक की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान भी मौके पर पहुंचे और घी नकली होने का अंदेशा होने पर सेम्पल लेने एवं सीज की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने घी के निर्माण, सप्लाई एवं बेचान से संबंधित बिल एवं अन्य दस्तावेजों की जांच भी की और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जांच में सामने आया कि यह घी गुजरात के पास दमन से जयपुर लाकर स्टॉक किया जाता था और राजस्थान के शहरों विशेष तौर से शेखावाटी में बेचा जाता था। इसकी बड़ी खेप जयपुर में पकड़ी गई। श्री सरस के नाम से मिस ब्रांड कर यह घी बेचा जाता था, जिसमें सरस के नाम का उपयोग किया गया। इस सूचना से जयपुर सरस डेयरी को भी अवगत कराया गया। इस पर जयपुर सरस डेयरी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष फौजदार द्वारा भी अपने विभाग की टीम भेजकर सक्षम कार्रवाई अमल में लाई गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, विनोद शर्मा, नरेश चेजारा, नरेंद्र शर्मा, पवन कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है और जन स्वास्थ्य पर हो रहे इसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो प्राथमिकता के आधार पर इन बिजली स्टेशनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग- अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है। आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या बन गई है।'

### राजगढ़: ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच शुरू

**राजगढ़।** रुठियाई-मक्सी ट्रेन रुट पर सारंगपुर थाना क्षेत्र में ग्राम निहाल रेल्वे फाटक के समीप रेल की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम निहाल रेल्वे फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय दीपक पुत्र भगवानसिंह ठाकुर निवासी चैकी बिलामन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदी था। युवक की मौत किन हालातों के चलते हुई, इसका वास्तविक कारण पता नही लग सका। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

### लोस चुनाव : उप्र में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 569 बम मिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सख्ती से आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। इसी के तहत अब तक यूपी में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक और 569 बम बरामद हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को यह बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतराज्यीय चेक पोस्ट एवं 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 16 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4763 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

### एलन मस्क ने एक्स का डोमेन नाम बदलकर एक्स डॉट कॉम किया

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का नाम और लोगो बदलने के बाद उसके डोमेन को भी बदलकर एक्स डॉट कॉम कर दिया है। मस्क ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि सभी कोर सिस्टम अब एक्स डॉट कॉम पर हैं। अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद 24 जुलाई, 2023 को इसका नाम और लोगो बदलकर एक्स कर दिया था। उस समय एक्स डॉट कॉम को ट्विटर डॉट कॉम पर रीडायरेक्ट किया गया था, लेकिन अब मेन डोमेन को एक्स डॉट कॉम करने के साथ ही ट्विटर डॉट कॉम को इसपर रीडायरेक्ट कर दिया गया है। एक्स के लॉगिन पेज के नीचे एक मैसेज दिखाई दे रहा है, जिसमें लिखा है, 'हम आपको बता रहे हैं कि हम अपना यूआरएल बदल रहे हैं, लेकिन आपकी प्राइवेसी और डेटा प्रोटेक्शन सेटिंग्स वही रहेंगी। ये बदलाव संकेत देता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की रीब्रांडिंग, जो करीब 10 महीना पहले शुरू हुई थी, वो अब पूरी हो गई है। गौरतलब है कि एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था।

# हम भारत को बनाना चाहते हैं महाशक्ति : राजनाथ

एजेंसी

**बलिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि हम भारत को महाशक्ति बनाना चाहते हैं। किसी पर आक्रमण के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए। उन्होंने कहा कि 21 हजार करोड़ का निर्यात करके आया हूं। चार हजार करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल भी भारत ने निर्यात किया है। आगे पांच सालों में भारत करिश्मा करेगा। हम आंख नहीं दिखाते। यदि किसी ने आंख दिखाई तो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। रक्षामंत्री सिंह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में सिकंदरपुर स्थित गांधी इंटर कालेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा समाप्त पार्टी है। 2015 में ही साइकिल की चेन उतर गई थी। 2017, 2019 और 2022 में भी चेन नहीं चढ़ी। जिस साइकिल पर चेन ही नही हो वह आगे कैसे बढ़ेगी। जैसे विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, वैसे ही कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी।

उन्होंने देवरहा बाबा को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में हर नागरिक राजनीतिक रूप से समझदार हो गया है। चार चरणों में दुनिया ने मान लिया है कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटें जीतकर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश में नेताओं ने इतने वादे किए हैं कि जनता का विश्वास कम हो गया है। इस विश्वास के संकट को यदि चुनौती के रूप में किसी दल ने स्वीकार किया है तो वह भाजपा है। उन्होंने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनाने के बाद हमने जो भी कहा था, वह अक्षरशः




पूरा किया। सपा कांग्रेस वाले राममंदिर की तारीख पूछते थे। हमने भव्य मंदिर बनाया। भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। जिस समय लोगों के अंदर दायित्वबोध पैदा होगा, उसी दिन रामराज्य आ जाएगा।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि चीन के मामले पर कांग्रेस गुमराह कर रही है। चीन से बराबरी की बात चल रही है। पीओके हमारा था, है और रहेगा। अब तो पीओके के लोग मांग कर रहे हैं कि हम भारत के साथ रहना चाहते हैं। इसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है।

उन्होंने कहा कि नागरिकता का कानून लाया गया तो हाय-तौबा मचाई गई। सीएए कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई वे लोग कहते हैं कि 400 सीटें आई तो भाजपा लोकतंत्र का गला घोंट देगी। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल लोकतंत्र का गला नहीं घोंट सकता। मोदी ने दस सालों में एक भी सरकार भंग नहीं की।

उन्होंने कहा कि भारत का मस्तक ऊंचा करने के लिए सहयोग चाहिए। हमने फैसला किया है कि देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए। क्या यह तानाशाही है। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के लोग आपस में लड़ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी ईडी और सीबीआई से डराते हैं। इंडी के नेता केजरीवाल जेल गए हैं तो भ्रष्टाचार के कारण। अन्ना हजारे को भी इन्होंने धोखा दिया है। केजरीवाल के घर में आम आदमी पार्टी की सांसद को पीटा गया। उन्होंने कहा कि कोरोना में हमने पांच किलो राशन फ्री दिया। इसके बाद भी मोदी जिंदाबाद न बोलें तो कैसे काम चलेगा। इस बार सरकार बनेगी तो 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों का इलाज मुफ्त किया जाएगा। इस मौके पर रवींद्र कुशवाहा ने रक्षा मंत्री सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर चुनावी जनसभा को सांसद सकलदीप राजभर, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण मिश्र, विजय बहादुर दुबे आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव व संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

# चार चरणों में इंडी गठबंधन चारों खाने चित्त : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्मानित जनता ने चार चरणों में ही इंडी गठबंधन को चारो खाने चित्त कर दिया है। भानुमति का कुनबा बिखर रहा है। बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत भी नहीं करना चाहता। इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता पहले से निराश थे। अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किए और कहा कि आपको भीतर की बात बताता हूं। मोदी ने कहा कि खबर पक्की होती है तब ही मैं भीतर की बात बोलता हूं। मैंने कहा था कि केरल से वायनाड (राहुल गांधी) से भागेंगे। मैंने कहा था कि वह अमेठी की ओर जाने की हिम्मत नहीं करेंगे। मेरी वह दोनों खबरें पक्की निकलीं या नहीं। अब एक नयी खबर है। कांग्रेस ने अब मिशन फिफ्टी रखा है। उन्होंने कहा है कि कुछ भी करो लेकिन कांग्रेस को कम से कम 50 सीटें मिल जाएं। इसके लिए भानुमति के कुनबे में हवा भरने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जिस इंडी गठबंधन की गाड़ी पहले दिन से ही पंचर हो, वह कितना चल सकेगा। उन्होंने कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट... खटाखट...। अब चार जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार की ठीकरा किस पर फोड़ा जाए। मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है।



### भाजपा ने यूपी को विकास में टॉपर बना दिया

पीएम मोदी ने विपक्ष की कमियां गिनाईं तो अपनी सरकार की उपलब्धियों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने यूपी को विकास में टॉपर बना दिया है। एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे, मेट्रो के कार्य में यूपी टॉप पर है। गरीब कल्याण योजना में भी उप्र शीर्ष पर है। 2014 में मेरी सरकार आई तो मुझे सपा के शहजादे से उम्मीद थी। मुलायम सिंह के बेटे से इतनी तो उम्मीद की ही जा सकती थी। हमारी सरकार सपा के शहजादे की सरकार से गरीबों की लिस्ट मांगती रही। उन्होंने नहीं भेजी। अगर वह गरीबों की लिस्ट भेजते तो गरीबों को मकान मिल जाता। इनकी लापरवाही से कुछ हजार मकान ही बन पाए।

### यूपी में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं

उन्होंने कहा कि साथियों, यूपी में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। पूरी कांग्रेस परिवार की इज्जत बचाने में जुटी है। फिर भी यूपी में दो लड़कों की जोड़ी आ जाती है। पीएम मोदी ने सपा-कांग्रेस को आतंकवादियों का हमदर्द बताया। साथ ही उन्होंने उनके सभी कार्यों को समान बताए।

# दिल्ली में पारा 42 के पार अभी और बढ़ेगा तापमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए इस साल की 16 मई सबसे गरम रही। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। गुरुवार इस मौसम का सबसे गरम दिन दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल तापमान इससे भी ऊपर चले जाने का पूर्वानुमान जारी किया है। शनिवार को लू चलने का भी पूर्वानुमान भी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह इस सीजन में अभी तक का सर्वाधिक है। इससे पहले आठ मई को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 65 प्रतिशत से 25 रहा। मुंगेशपुर दिल्ली का सर्वाधिक गरम इलाका रहा। यहां का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

विभाग का पूर्वानुमान है कि आज आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, लेकिन धूप भी खिली रहेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 43 और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शनिवार को राजधानी में अलग-अलग स्थानों पर लू चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान पालम में 43.5, आयानगर में 43.5, जाफरपुर में 43.7,नजफगढ़ में 44.2, मुंगेशपुर में 44.4, पीतमपुरा में 44.2 और पूसा में 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अच्छी बात यह है कि इस साल मानसून की दस्तक समय से एक दिन पहले होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग कह चुका है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई के आसपास केरल में दस्तक देने की उम्मीद है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आम तौर 1 जून को केरल में प्रवेश करता है।

## सीए के सीमित ऑडिट संबंधी आईसीएआई के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने कहा उसने कानूनी अनिश्चितता के सिद्धांत के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद्द कर दिया है।

शीर्ष अदालत ने माना कि यह नियम संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत निश्चित किया गया है।

# पीओके भारत का है और रहेगा : अमित शाह

एजेंसी

**रायबरेली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारूख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो। पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिये लेकिन पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एसबीएस कान्वेंट स्कूल के सामने मैदान, परशुरामपुर, थिकाही जगतपुर सलोन रोड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल के बाद नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। ये कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। लेकिन, मेरी बात याद रखना अगर ये इंडी अलायंस वाले आ गए, तो ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला लगा देंगे।

अमित शाह ने कहा कि उत्तर



प्रदेश के लोग केवल अपने परिवारों के लिए राजनीति करने वाली कांग्रेस और सपा का पूरी तरह सफाया करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस परिवारवादी गठबंधन है। ये सिर्फ अपने परिवार की सोचते हैं। लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। वह कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट हमारे परिवार की सीट हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि इन्हें किसने विरासत में दी ये सीट ? राबरेली व अमेठी वाले जिसे चाहेंगे वहीं संसद जायेगा।

## आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट प्रकरण में कूदी भाजपा महिला मोर्चा

# सीएम आवास के समक्ष किया प्रदर्शन, त्यागपत्र की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। इस प्रकरण में आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा ने आवाज बुलंद की। भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास (6 फ्लैग स्टाफ रोड, सिविल लाइंस) के पास चूड़ियां लेकर पहुंचीं और प्रदर्शन किया। वह केजरीवाल के आवास पर पहुंचना चाहती थीं मगर पुलिस ने उन्हें कुछ पहले रोक दिया।

आआपा सांसद स्वाति मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हैं। उनके साथ हुई मारपीट पर बवाल मचा हुआ है। भाजपा महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री से त्यागपत्र की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मालीवाल के बयान लेने के बाद दिल्ली पुलिस ने गुरुवार रात एफआईआर दर्ज की है। मालीवाल ने एक्स पर



पोस्ट कर कहा था कि उनके साथ बुरा हुआ है और उन्होंने पुलिस को सभी जानकारी दे दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के निजी सहायक विभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है। भाजपा महिला मोर्चा नेत्रियों ने केजरीवाल पर विभव को बचाने का आरोप लगाया है। महिला मोर्चा की सदस्यों ने कहा कि केजरीवाल महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम रहे हैं। उनके आवास पर महिला सांसद के साथ मारपीट होती है और वह चुप्पी साधे हुए हैं। उन्हें अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### केजरीवाल नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें : ऋचा पांडे

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आआपा) प्रमुख और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के अंदर एक महिला के साथ अभद्रता होती है, जो कोई आम महिला नहीं बल्कि उनकी पार्टी की राज्यसभा सदस्य हैं। अगर एक सांसद सुरक्षित नहीं तो दिल्ली की आम महिलाओं को अरविंद केजरीवाल क्या सुरक्षा देंगे। उन्हें नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना के आरोपित विभव कुमार के साथ मुख्यमंत्री घूम रहे हैं। उन्हें तो उस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। इससे पहले इस घटना के विरोध में ऋचा पांडे के नेतृत्व में संगठन की सदस्यों ने आज सुबह केजरीवाल के आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा ने स्वाति मालीवाल को न्याय दिलाने के लिए हुंकार भरी है। संगठन की कार्यकर्ता चूड़ियां लेकर पहुंचीं। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है।

## स्वाति ने बताई आपबीती, कहा- मारा, घसीटा और अपशब्द कहे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में स्वाति ने आपबीती बतायी है। उनका कहना है कि उन्हें थप्पड़ मारे गए, घसीटा गया और पेट और निचले हिस्से में मारा गया। साथ ही उन्हें कहा गया, 'तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी, ... तेरी औकात क्या है।'

दिल्ली पुलिस की एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने कहा कि वे 13 मई को सुबह नौ बजे मुख्यमंत्री आवास पर उनसे मिलने गई थीं। यहां मुख्यमंत्री के पीए बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की। वे उनपर चिल्लाए और कहा, 'तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी? .... तेरी औकात क्या है कि हमको न कर दे। समझती क्या है खुद को, नीच औरत । तुझे तो हम सबक सिखायेंगे।'

मालीवाल ने कहा कि पहले उन्हें थप्पड़ मारे गए । इसके बाद बार-बार छाती, पेट और निचले हिस्से में मारा गया। बिभव ने उन्हें कहा, 'कर ले तुझे जो करना है। तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। तेरी हड्डी पसली तुड़वा देंगे और ऐसी जगह गाड़ेंगे किसी को पता भी नहीं चलेगा।' उन्होंने बार-बार कहा कि उनके पीरियड चल रहे हैं।

मारपीट के बाद वे सौफे पर बैठ गईं और पुलिस को कॉल की। इसी बीच बिभव गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को ले आया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जबरदस्ती घर के बाहर निकाला। जहां से वे सिविल लाइन थाने चली गईं। हालत ठीक न होने की वजह से वहां से बिना एफआईआर दर्ज कराए चली गईं।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट पर केजरीवाल मांगें माफी : भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराया है और मांग की है कि वे जनता से माफी मांगे।

भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर उनकी ही पार्टी के नेता की पिटाई होती है और कोई कार्रवाई नहीं की जाती। मुख्यमंत्री जब अपनी ही पार्टी की महिला नेता की सुरक्षा नहीं कर सकते तो दिल्ली की महिलाओं की क्या सुरक्षा देंगे। उन्हें तो जनता से माफी मांगनी चाहिए।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने वाला आरोपी बिभव कुमार मुख्यमंत्री का दाहिना हाथ माना जाता है। बिभव ने राज्य सभा सदस्य के साथ मुख्यमंत्री के घर में मारपीट की। बिभव पर कार्रवाई करने के बजाय



मुख्यमंत्री उन्हें साथ लेकर घूम रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्हें इस मामले में अपना बयान रखना चाहिए था लेकिन कल उन्होंने मीडिया के सवाल पर माइक ही हटा दिया। यह बेशर्मी की भी हद है। वे मीडिया के सवालों से डर गए हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कई नेता महिला विरोधी हैं। मुख्यमंत्री को स्वाति मालीवाल के साथ हुई अमानवीय घटना पर बयान देना चाहिए। लेकिन सभी को सांप सूंघ गया है।

## एक नजर

### थाईलैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल में तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा

**बैंकॉक।** भारतीय महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा गुरुवार को थाईलैंड ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और लिन यू-पेई को 21-19, 21-17 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को शुरूआती दौर में बाई मिली थी।वहीं, रूतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल के दूसरे दौर में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी के हाथों 21-16, 21-13 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सात्विक-चिराग ने चीन के जी हाओ नान और जेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराकर अंतिम आठ चरण में जगह बनाई। सात्विक-चिराग का लक्ष्य अपने खाते में एक और थाईलैंड ओपन खिताब जोड़ना होगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसे जीता था। इसके अलावा, पूर्व जूनियर विश्व नंबर दो खिलाड़ी मीराबा लुवांग मैसनाम ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।

### आयरलैंड के खिलाड़ियों को मिलेगा संशोधित केंद्रीय अनुबंध

**डबलिन।** क्रिकेट आयरलैंड (सीआई) और आयरिश क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के बीच एक समझौते के बाद आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ संशोधित केंद्रीय अनुबंध भी मिलेगा। पिछले सप्ताह यह खबर आई थी कि आयरलैंड के खिलाड़ियों ने बोर्ड के एक प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। खिलाड़ी जून में आगामी टी20 विश्व कप में अनुबंध पर खेलने जा रहे थे जो इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। गुरुवार शाम को सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ी अनुबंध की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं और दोनों पक्ष समझौता ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं। सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह समझौता क्रिकेट आयरलैंड और अनुबंधित खिलाड़ियों के बीच समग्र संबंधों को सुरक्षित करेगा और दुनिया भर के अन्य फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एफआईसीए) से जुड़े देशों में मौजूद सर्वोत्तम अभ्यास संबंधों को प्रतिबिंबित करेगा। अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची अभी घोषित नहीं की गई है लेकिन बयान में पुष्टि की गई है कि संशोधित अनुबंध सूची शीघ्र ही जारी किए जाएंगे और फरवरी 2025 के अंत तक लागू होंगे। सीआई के मुख्य कार्यकारी, वॉरेन ड्यूट्रोम ने बयान में पुष्टि की कि खिलाड़ियों के वेतन में भी वृद्धि की गई है।

### हापोएल जेरूसलम ने आठवीं बार इजरायली बास्केटबॉल स्टेट कप का खिताब जीता

**जेरूसलम।** चैंपियंस लीग क्लब हापोएल जेरूसलम ने इजरायली बास्केटबॉल स्टेट कप का खिताब जीत लिया है। हापोएल जेरूसलम ने गुरुवार रात तेल अवीव के मेनोराह मिवतचिम एरिना में 11,000 प्रशंसकों के सामने फाइनल में यूरोलीग की टीम मैकाबी तेल अवीव को 85-72 से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह जेरूसलम की आठवीं स्टेट कप जीत थी, और पिछले सीजन के फाइनल में मैकाबी को हराने के बाद लगातार दूसरी जीत थी। जेरूसलम ने शुरूआती मिनटों में मजबूत बचाव दिखाया और 10-2 की बढ़त ले ली, लेकिन बोन्जी कोलसन के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मैकाबी ने पहले क्वार्टर के अंत में 23-16 की बढ़त हासिल कर ली। रोमन सॉर्किन के अंकों और रिबाउंड के साथ मैकाबी ने दूसरे क्वार्टर में अपनी गति जारी रखी और हाफटाइम तक 46-37 की बढ़त बना ली। स्पीडी स्मिथ की सहायता और निम्रोद लेवी और जेकोरी विलियम्स के अंकों की बदौलत जेरूसलम को तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए शानदार 31-10 से आगे कर दिया, जिसने खेल को पूरी तरह से बदल दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत में जेरूसलम ने 68-56 की बढ़त बनाई। निर्णायक क्वार्टर में स्मिथ ने अपनी चमक जारी रखी और खदीन कैरिंगटन और लेवी रैंडोफ के अंकों के साथ, जेरूसलम ने 85-72 से जीत हासिल की।

### ला लीगा: बार्सिलोना ने अल्मेरिया को हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की

**मैड्रिड।** मिडफील्डर फर्मिन लोपेज के दो गोल की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को अल्मेरिया को 2-0 से हरा दिया और ला लीगा तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। बार्सिलोना को मंगलवार को बिलारियल के खिलाफ गिरोना की घरेलू हार का भी फायदा मिला और उसने दो मैच शेष रहते हुए तीसरे स्थान पर काबिज गिरोना पर चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। बार्सिलोना के अब 79 और गिरोना के 75 अंक हैं। बार्सिलोना ने मैच में तेज शुरूआत की और 14वें मिनट में युवा डिफेंडर हेक्टर फॉन्ट से मिले क्रॉस पर लोपेज ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। फॉन्ट दूसरे गोल में भी शामिल थे, 67वें मिनट में उन्होंने गेंद सेर्गी रॉबर्टो को दी, जिन्होंने लोपेज को क्रॉस दिया और उन्होंने गेंद को गोल पोस्ट में डालकर अपनी टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित कर दी। रियल सोसिदाद और बेटिस छठे स्थान और अगले सीजन के यूरोपा लीग के लिए क्वालीफिकेशन के लिए रविवार को आमने-सामने होंगे। रियल सोसिदाद की वेलेंसिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1-0 की जीत ने उन्हें छठे स्थान पर वापस ला दिया है।

# यूरोप रवाना हुई भारतीय महिला हॉकी टीम

**लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा**

**भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से होगा**

**सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी**



एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुई। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा, जिसमें एंटवर्प 22 मई से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में, टीम आठ मैचों में आठ अंक अर्जित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में छठे स्थान पर है।
सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी।

सलीमा टेटे ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में, एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हमारी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमें मूल्यवान सबक सिखाया है, और हम उन्हें लागू करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम यूरोप में मजबूत विरोधियों का सामना कर रहे हैं। टीम वर्क, समर्पण और जुझारूपन के साथ हमारा लक्ष्य अपने हर मैच में छाप छोड़ना है।" नवनीत कौर ने कहा, उप-कप्तान नियुक्त होना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। हमारी कप्तान सलीमा टेटे के साथ, मैं अपनी टीम के सदस्यों को हर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए समर्थन और प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमारे लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया, और हम उस गति को यूरोप में आने वाली चुनौतियों में ले जाएंगे, हम अपने सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने और भारतीय हॉकी को गौरव दिलाने का प्रयास करेंगे।"
भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने पहले मैच में 22 मई को अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

# टी20 विश्व कप 2024: आईसीसी ने की अभ्यास मैचों के कार्यक्रम की घोषणा

## 27 मई से 1 जून तक खेले जाएंगे अभ्यास मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए आधिकारिक अभ्यास मैचों के कार्यक्रम की घोषणा देर रात कर दी है। मैच सोमवार 27 मई से शनिवार 1 जून तक पूरे अमेरिका में और वेस्ट इंडीज में त्रिनिदाद और टोबैगो में दो स्थानों पर खेले जाने हैं। 16 अभ्यास मैचों की मेजबानी के स्थान ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी टेक्सास, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा और त्रिनिदाद और टोबैगो में क्वींस पार्क ओवल व ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी हैं। अभ्यास मैच 2-20 ओवर के खेले जाएंगे और इन्हें अंतरराष्ट्रीय टी20 दर्जा नहीं होगा क्योंकि टीमों को अपने 15-खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति होगी। टीमों के पास अब आयोजन में आगमन के समय के आधार पर दो अभ्यास मैच खेलने का विकल्प होगा।




### इस प्रकार हैं अभ्यास मैचों के कार्यक्रम

**सोमवार 27 मई-**
कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास
ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो,
नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो

**मंगलवार 28 मई**
श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा
बांग्लादेश बनाम यूएसए, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास
ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**बुधवार 29 मई**
दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ़्लोरिडा
अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**गुरुवार 30 मई**
नेपाल बनाम यूएसए, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास
स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो
नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास
नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो,
वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**शुक्रवार 31 मई**
आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा
स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**शनिवार 1 जून**
बांग्लादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी यूएसए

# फीफा महिला विश्व कप 2027 का मेजबान होगा ब्राजील




एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्राजील फीफा महिला विश्व कप का 2027 का मेजबान होगा। यह इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित 74वीं फीफा कांग्रेस में उक्त घोषणा की गई। ब्राजील ने 1950 और 2014 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की थी। अब महिलाओं का समय है। यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला महिला विश्व कप होगा।
ब्राजील ने नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए मेजबानी का अधिकार हासिल किया।
अप्रैल में, संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको ने अपनी बोली यह कहते हुए कि वापस ले ली कि उन्होंने इसके बजाय 2031 के लिए अपनी बोली पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। नवंबर में दक्षिण अफ्रीका ने भी ऐसा ही किया था। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस ने भी पहले प्रतियोगिता की मेजबानी की है। 1991 में अपनी शुरूआत के बाद से, फीफा महिला विश्व कप का कद और लोकप्रियता बढ़ी है। उद्घाटन टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों के साथ, प्रतियोगिता का विस्तार होकर इसमें 32 टीमें शामिल हो गई हैं, सबसे हालिया संस्करण 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित किया गया था। अब तक पांच देशों ने फीफा महिला विश्व कप का खिताब जीता है। इन पांच देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे, जर्मनी, जापान और स्पेन हैं। स्पेन ने 2023 का खिताब जीता था। संयुक्त राज्य अमेरिका की महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने 1991, 1999, 2015 और 2019 में चार खिताबों के साथ सबसे अधिक जीत हासिल की है। दूसरे नंबर पर जर्मनी है, जिसने दो बार 2003 और 2007 में खिताब जीता है। जापान ने 2011 में और नॉर्वे ने 1995 में यह खिताब जीता।
टीम ब्राजील ने 1999 में विश्व कप में कांस्य पदक और 2007 में रजत पदक जीता।

## फ्रांस ने यूरो 2024 : एन'गोलो कांटे की दो साल बाद वापसी

**पेरिस।** फ्रांस ने 14 जून से 14 जुलाई के बीच खेले जाने वाले आगामी यूरोपीय चैंपियनशिप यूरो 2024 के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रीजमैन टीम के आक्रमण का नेतृत्व करेंगे। 2022 के बाद से लेस ब्लूज के लिए नहीं खेलने के बावजूद, एन'गोलो कांटे ने टीम में एक चौंकाने वाली वापसी की, जबकि ओलिवियर गिरौद, जो सीजन के अंत में यूरोप छोड़ने के लिए तैयार हैं, को भी शामिल किया गया है।

### यूरो 2024 के लिए फ्रांस की टीम इस प्रकार है

**गोएलकीपर्स:** ब्राइस सांबा, माइक मेगनन, अल्फोंस अरेओला।
**डिफेंडर:** जोनाथन क्लॉस, जूल्स कौंडे, बेंजामिन पावर्ड, इब्राहिमा कोनाटे, डेयोट उपामेकानो, विलियम सलीबा, थियो हर्नांडिज, फेरलैंड मेंडी।
**मिडफील्डर:** ऑरेलियन टचौमेनी, एडुआर्डो कैमाविंगा, एन'गोलो कांटे, वेस्ले फोफाना, एड्रियन रैबियोट, वॉरेन जैरे-एमरी।
**फॉरवर्ड:** किलियन एमबाप्पे, ओलिवियर गिरौद, एंटोनी ग्रीजमैन, ओस्मान डेम्बेले, मार्कस थुरम, ब्रैडली बारकोला, रान्डल कोलो मुआनी, किंग्सले कोमन।

# आईपीएल 2024: प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी सनराइजर्स



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। गुरुवार (16 मई) को गुजरात टाइंटस के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से एसआरएच आईपीएल 2024 प्लेऑफ में जगह बनाने वाली तीसरी टीम बन गई। मैच रद्द होने से दोनों टीमों के 1-1 अंक मिला, जिससे एसआरएच के 15 अंक हो गए और अभी 19 मई को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ उनका एक मैच बाकी है। एसआरएच के क्वालीफाई होने से दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का अभियान अब आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया। इसके साथ ही चौथे और अंतिम स्थान के लिए लड़ाई अब आरसीबी और सीएसके के बीच है।

### गुजरात का अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ

2021 और 2023 में लीग में अंतिम स्थान पर और 2022 में आठवें स्थान पर रहने के बाद, आईपीएल 2020 के बाद यह हैदराबाद की पहली प्लेऑफ योग्यता है। हालांकि, हैदराबाद की शीर्ष-दो में जगह बनाने की उम्मीदों को झटका लगा है। वे अभी भी इसे हासिल कर सकते हैं, और यह तभी होगा, जब उन्हें पीबीकेएस को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि राजस्थान रॉयल्स, जिसके पास वर्तमान में 16 अंक हैं, टेबल-टॉपर्स कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच हार जाए-लेकिन यह अब पूरी तरह से उनके हाथ में नहीं है। वहीं, गुजरात का अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ, उनके पिछले दो मैच-13 मई को घरेलू मैदान पर केकेआर के खिलाफ और हैदराबाद में यह मैच-बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गए। उन्होंने सीजन को 12 अंकों के साथ समाप्त किया, जो वर्तमान में उन्हें नीचे से तीसरे स्थान पर रखता है, लेकिन अगर पीबीकेएस ने एसआरएच को हरा दिया तो वे एक स्थान नीचे खिसक सकते हैं।

## वाणिज्य

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत: निर्मला सीतारमण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतामरण ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण में हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है।
वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने सीआईआई व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की जरूरत को भी रेखांकित किया।
उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर भारत न केवल घरेलू मांग को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है। इस तरह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा दिए गए सुझावों को जुलाई के बजट में एकीकृत किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग परिसंघ हमेशा अपने और देश के सामने सरकार के साथ मिलकर काम करने का दृष्टिकोण रखा है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि वैश्विक स्तर पर उद्योग साझेदारी एक स्पष्ट मार्ग अपनाए, ताकि वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट का माहौल बना रहा। जबक एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।
अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती करने में विलंब होने का संकेत दिए जाने के कारण वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.21 प्रतिशत टूट कर 5,297.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,698.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,825.66 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।
अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,438.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.63 प्रतिशत गिर कर 8,188.49 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 130.55 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,738.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# संयुक्त राष्ट्र ने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9 फीसदी किया

संयुक्त राष्ट्र। एजेंसी




अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2024 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 6.9 फीसदी कर दिया है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र संघ ने जनवरी में 2024 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 6.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।
संयुक्त राष्ट्र संघ ने गुरुवार को जारी अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के पूर्वानुमान में संशोधन कर साल 2024 में इसके लगभग 7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीले निजी उपभोग के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी, जबकि 2025 में यह दर 6.6 फीसदी रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग और मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में भी मजबूत विकास का भारत को फायदा मिला है। वहीं, वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में 2.7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो जनवरी के पूर्वानुमान से 0.3 फीसदी ज्यादा है।
उल्लेखनीय है कि मूडीज ने इसी हफ्ते चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसदी और बीते वित्त वर्ष 2023-245 के लिए वास्तविक जीडीपी अनुमान को संशोधित कर 8 फीसदी कर दिया है।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधानसभा की 15 समितियों में विधायकों का किया मनोनयन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधानसभा की 15 समितियों का शुक्रवार को गठन किया है।देवनानी ने विधानसभा की नियम समिति, सदाचार समिति, स्थानीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति, विशेषाधिकार समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, याचिका समिति, सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति, पर्यावरण संबंधी समिति, पुस्तकालय समिति, महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति, पिछडे वर्ग के कल्याण संबंधी समिति, अनुसूचित जाति कल्याण समिति, अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति और अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समिति में सभापति और सदस्यों को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष देवनानी ने चार समितियों जनलेखा समिति, प्राक्कलन समिति 'क', प्राक्कलन समिति 'ख' और राजकीय उपक्रम समिति का 17 अप्रेल को गठन कर दिया था।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के अन्तर्गत सदाचार समिति में हरीश चौधरी, स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति में हरि सिंह रावत, विशेषाधिकार समिति में पुष्पेन्द्र सिंह, अधिनस्थ विधान संबंधी समिति में श्रीमती अनिता भदेल, याचिका समिति में हमीर सिंह भायल, सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति में जितेन्द्र कुमार गोठवाल, प्रश्न एवं संदर्भ समिति में संदीप शर्मा, पर्यावरण संबंधी समिति में डॉ. दयाराम परमार, पुस्तकालय समिति में सुरेन्द्र सिंह राठौड, महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति में श्रीमती शौभा चौहान, पिछडे वर्ग के कल्याण संबंधी समिति में केसाराम चौधरी, अनुसूचित जाति कल्याण समिति में डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति में फूल सिंह मीणा और अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समिति में पब्बाराम विश्नोई को सभापति मनोनीत किया है। नियम समिति में विधानसभा अध्यक्ष ही पदेन सभापति होते है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने नियम समिति में श्रीमती वसुन्धरा राजे, अशोक गहलोत, सुश्री सिद्धि कुमारी, हनुमान बेनीवाल, मुरारी लाल मीना, सचिन पायलट, प्रताप लाल भील और श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी को सदस्य मनोनीत किया है।



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सदाचार समिति में श्रीमती कल्पना देवी, सुरेश मोदी, हंसराज पटेल, बालमुकुन्दाचार्य, जयदीप बिहाणी, उमेश मीणा, भगवाना राम सैनी और अभिमन्यु को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति मेंजुबेर खान, कालूराम, कंवरलाल, रामस्वरूप लाम्बा,वीरेन्द्र सिंह (दांता रामगढ) लादु लाल पितलिया, कुलदीप, चेतन पटेल कोलाना, विद्याधर सिंह और विनोद कुमार को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने विशेषाधिकार समिति में सुश्री सिद्धि कुमारी, प्रताप लाल भील, मनोज कुमार (सादुलपुर), श्रीमती रमीला खडीया, पुष्कर लाल डॉगी, अशोक, लालाराम बैरवा, शंकर लाल डेचा और मांगेलाल मीना को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अधीनस्थ विधान संबंधी समिति में श्री शान्ती धारीवाल, श्री कैलश चन्द वर्मा, श्री कालूराम, श्री रोहित बौहरा, श्री अशोक, श्री विश्वराज सिंह मेवाड, श्री उदयलाल डांगी, श्री प्रशान्त शर्मा और श्री रविन्द्र सिंह भाटी को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने याचिका समिति में श्री कंवरलाल, श्री वीरेन्द्र सिंह (दांता रामगढ), श्री गणेश घोगरा, श्री जेठानन्द व्यास, श्री राधेश्याम बैरवा, श्री ताराचन्द, श्री संजय कुमार, श्री मोतीराम और श्री गणेशराज बंसल को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति में श्री मुरारी लाल मीना, श्री नाना लाल निनामा, श्री गोविन्द प्रसाद, श्री रामस्वरूप लाम्बा, श्री अमित चाचाण, श्री अंशुमान सिंह भाटी, श्री देवी सिंह शेखावत, श्री मनीष यादव और श्री अशोक कुमार कोठारी को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने प्रश्न एवं संदर्भ समिति में श्री जब्बर सिंह सांखला, श्री गोपीचन्द मीणा, श्री अमित चाचाण, श्री पुष्कर लाल डॉगी, श्री मुकेश भाकर, श्री दर्शन सिंह, श्री अंशुमान सिंह भाटी, श्री देवेन्द्र जोशी और श्री मनीष यादव को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने पर्यावरण संबंधी समिति में श्री रामनिवास गावडिया, श्री रोहित बौहरा, श्री भागचन्द टांकडा, श्री अतुल भंसाली, श्री विरेन्द्र सिंह (मसूदा), श्री राजेन्द्र, श्री विक्रम सिंह जाखल, श्री डूंगरराम गेदर और श्री अशोक कुमार कोठारी को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने पुस्तकालय समिति में श्री गोपीचन्द मीणा, श्री रामनिवास गावडिया, श्री दीपचन्द खैरिया, श्री जसवन्त सिंह गुर्जर, श्री लक्ष्मण राम, श्री महेन्द्र पाल मीना, श्री देवेन्द्र जोशी, श्री पूसाराम गोदारा और श्री पितराम सिंह काला को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति में श्रीमती कल्पना देवी, श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, श्रीमती रमीला खडीया, सुश्री नौक्षम, डॉ. शिखा मौल बराला, श्रीमती शिमला देवी, श्रीमती सुशीला रामेश्वर डूडी, डॉ. प्रियंका चौधरी और डॉ. ऋतु बनावत को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने पिछडे वर्ग के कल्याण संबंधी समिति में श्री दीपचन्द खैरिया, श्री जसवन्त सिंह गुर्जर, डॉ. शैलेश सिंह, श्री सुभाष मील, श्री उदयलाल भडाणा, श्री हरलाल सहारण, श्री सुरेश गुर्जर, श्री ललित यादव और श्री विकास चौधरी को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने अनुसूचित जाति कल्याण समिति में श्री चुन्नीलाल सी.एल. प्रेमी बैरवा, श्री मनोज कुमार (सुजानगढ), श्री सोहन लाल नायक, श्री आदू राम मेघवाल, श्री लालाराम बैरवा, श्री विक्रम बंशीवाल, श्री रामावतार बैरवा, श्री राम सहाय वर्मा (रैगर), श्रीमती गीता बरवड और श्रीमती अनीता जाटव को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति में श्री नाना लाल निनामा, श्री जब्बर सिंह सांखला, श्री कैलशचन्द्र मीणा, श्रीमती इन्द्रा, श्री लक्ष्मण, श्री घनश्याम, श्री हंसराज मीना, श्री रामबिलास, श्री शंकरलाल डेचा, श्री मांगेलाल मीना और श्री थावर चन्द को सदस्य मनोनीत किया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समिति में मनोज कमार (सादुलपुर), श्री हाकम अली खाँ, श्री अमीन कागजी, श्री जाकिर हुसैन गैसावत, श्री गोविन्द प्रसाद, श्री रुपिन्द्र सिंह कुन्नर, श्री उदयलाल डांगी, श्री ताराचन्द जैन, श्री प्रताप पुरी और श्री गुरवीर सिंह को सदस्य मनोनीत किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों की वीणा वाटिका ऑनलाइन इंटरनेशनल ड्राइंग प्रतियोगिता हुई शुरू

**चमकता राजस्थान।** जयपुर। वीणा वाटिका द्वारा "My Buddy Nature" विषय पर एक बार फिर 'वीणा वाटिका ऑनलाइन इंटरनेशनल ड्राइंग प्रतियोगिता' शुरू हो चुकी है। इसका मुख्य उद्देश्य है की बच्चे प्रकृति को अपने दोस्त की तरह समझे और इस अनमोल धरोहर को जागरूक होकर अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। "My Buddy Nature" थम को लेकर एक शानदार गाना भी बनाया गया है जो YouTube, Instagram Reels, Spotify, Amazon Music, iTunes, आदि सभी म्यूजिकल प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इस प्रतियोगिता में एंट्री अपलोड करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 है। बच्चों की सोच उन्मुक्त होती है और उनके द्वारा रची हुई हर चीज एक नई सोच और जीवन के हर एक पहलू को एक नई दिशा देती है। इसीलिए इस प्रतियोगिता में 5 से 15 साल तक के बच्चे अपनी ड्रॉइंग भेज सकते हैं। बच्चे अपनी ड्रॉइंग वेबसाइट पर जाकर सबमिट कर सकते हैं। विजेता प्रतियोगियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही उनकी पेंटिंग्स को यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर भी दिखाया जाएगा। वीणा वाटिका का शुरू से ही जनसाधारण को प्रकृति के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य रहा है। वीणा वाटिका इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए बच्चे 30 जून 2024 तक अपनी पेंटिंग्स https://tinyurl.com/2kcdcvtk ऑनलाइन फॉर्म के द्वारा भेज सकते हैं।




### हाईवे के पास सिटी सीमा सर्विस रोड के प्रवेश पॉइंट से नये आर के पाटनी बस स्टैंड तक रोड लाइट पोल लगाये जाये- पाटनी

**चमकता राजस्थान। मदनगंज-किशनगढ़(सत्यानाराण पारीक)।** नेशनल हाईवे के पास चिड़िया बावड़ी सिटी सीमा सर्विस रोड के प्रवेश पॉइंट पर एरोनुमा किशनगढ़ सिटी के नाम से लाइटिंग वाला डिस्प्ले बोर्ड सहित आर. के. पाटनी रोडवेज बस स्टैंड तक विद्युत पोल लगवाए जाये। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने उपखंड कार्यालय की एक बैठक में नगर परिषद के आयुक्त मुकेश कुमार से आग्रह किया कि जयपुर से किशनगढ़ सिटी सीमा में हाईवे के पास सिटी प्रवेश पर नॉनस्टॉप बसों द्वारा रात्रि में क्षेत्र के यात्रियों को चिड़िया बावड़ी के बाहर उतार देने से नए बस स्टैंड तक घोर अंधेरा होने के कारण उनको दहशत भरी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, साथ ही सिटी प्रवेश मार्ग की ओर डिस्प्ले बोर्ड नहीं होने से किशनगढ़ सिटी में आने वाले कई वाहन भी हाईवे पर अजमेर की ओर आगे चले जाने से चक्कर में पड़ जाते हैं।इसके अलावा पाटनी ने नगरीय सीमा में स्थित नए बस स्टैंड के सामने, आर लिंक रोड, मकराना चौराया व रामनेर रोड आदि हाईवे की पुलियाओं तथा सांवत्सर व कृष्णापुरी के भूमिगत अंडर पास के अंदर से रात्रि मे सुविधाजनक अवागमन के लिये लाइट लगाने की जरूरत बताई, ताकि अंधेरे के चलते रात्रि में राहगीरों व वाहनों की आवाजाही में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। आयुक्त मुकेश कुमार ने मौका मुआना कराकर शीघ्र ही पोल आदि के साथ लाईटे लगाने की व्यवस्था करने का पाटनी को भरोसा दिलाया ।

# महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर लगाम कसना जरूरी: जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय बैठक में एसपी-कलक्टर ने की महिलाओं से निडर बनने की अपील



चमकता राजस्थान

**( रामदास तरुण) धौलपुर, 17 मई ।** को शुक्रवार को मुख्य सचिव राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार महिला अपराधों की सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिये जिला कलक्टर निधि बी टी की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा 498ए, 354, 376, 304 बी भादस आदि के महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए पुलिस विभाग से रिपोर्ट तलब की गई। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम अगेंस्ट वीमन के कार्यों की समीक्षा की गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट में डिकोय ऑपरेशन चलाये जाने के निर्देश दिए गए। सभी कार्यालयों जिनमे 10 या उससे अधिक कार्मिक कार्यरत हैं उनमें कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न प्रतिषेध से संबंधित आंतरिक समितियों का गठन अविलंब कर मासिक रूप से प्रगति रिपोर्ट भेजे जाने के निर्देश दिए गए। जिन विभागों में स्थानांतण हुए हैं, उनमें समितियों का अविलम्ब पुनर्गठन करने के निर्देश दिए गए तथा सभी नियोजकों से अधिनियम के अनुरूप कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला सुरक्षा सखी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्रिटिकल वीमन क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर गश्त और निगरानी शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों को महिला सुरक्षा सखी के रूप में जोड़े जाने के निर्देश दिए गए। रिक्शा, टेम्पो, निजी बसों आदि में संचालक का नाम, पता, ×फोटो, गाड़ी नम्बर और मोबाइल नम्बर सवारियों को सहज दृश्य स्थल पर अंकित करने के निर्देश दिए गए।रात्रिकाल में चलने वाली बसों में विशेष निगरानी के निर्देश रोडवेज विभाग को दिए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय कर पीड़िताओं को पीड़ित प्रतिकर, निःशुल्क वकील और विधिक सहायता दिलाने के निर्देश दिए गए।

### गोविन्द सिंह डोटासरा 17से 28 मई तक उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे

चमकता राजस्थान/जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा लोकसभा चुनाव प्रचार हेतु 17 मई से 28 मई,तक उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा एवं पंजाब के दौरे पर रहेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा 17 एवं 18 मई को उत्तरप्रदेश में अमेठी लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न सभाओं को सम्बोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार अभियान में भाग लेंगे। डोटासरा दिनांक 19 एवं 20 मई को दिल्ली में पार्टी के प्रत्याशियों का प्रचार करेंगे। चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 21 मई से 28 मई तक डोटासरा हरियाणा एवं पंजाब के दौरे पर रह कर कांग्रेस के प्रत्याशियों का विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं एवं नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित कर प्रचार करेंगे तथा कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार की बागडोर संभालेंगे।

### दीया कुमारी हुई राजमाता माधवीराजे सिंधिया की शोक सभा में शामिल



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ग्वालियर पहुँच कर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी राजमाता माधवीराजे सिंधिया की शोकसभा में शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# आवासन मंडल द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता व समयावधि के मामले में नहीं किया जाएगा समझौता : इन्द्रजीत सिंह

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** आवासन आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने शुक्रवार को आवासन मंडल मुख्यालय ''आवास भवन'' पर एक अहम बैठक लेकर प्रदेश भर में चल रही विभिन्न प्रगतिरत आवासीय योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आवासन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में आवासीय योजनाओं के प्रति आमजन में खासा उत्साह दिखा। जयपुर शहर में अपार्टमेंट और विलाज के प्रति भी आमजन में आकर्षण देखने को मिला। उन्होंने योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की




तथा प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उन्हें कम से कम समय में पूरा करने के निर्देश दिये। सिंह ने लॉटरी से वंचित रहे उपभोक्ताओं की राशि तुरंत रिफंड करने के निर्देश देते हुए कहा कि बुधवार नीलामी उत्सव में भी असफल आवेदकों की अमानत राशि महज 72 घण्टे में स्वतः ही रिफण्ड हो जाती है इसलिए इस प्रक्रिया को इन योजनाओं के साथ अमल में लिया जाये। आवासन आयुक्त ने शहरों में योजनाओं से सम्बन्धित हेल्प डेस्क को भी मजबूत करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को आवेदन करने में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि आमजन योजनाओं से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर भी विजिट करके या हेल्पलाइन नंबर से भी जानकारी ले सकते हैं।

आवासन आयुक्त ने बैठक में संबंधित साइट्स के अधिकारियों से साइट की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन का विश्वास ही मंडल की सबसे बड़ी पूंजी है और विभिन्न आवास योजना में तैयार हो रहे आवासों को प्राथमिकता पर रखते हुए गुणवत्ता युक्त कार्य किए जाएं। बैठक में सचिव डॉ. अनिल कुमार, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता एचक्यू मनोज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929